संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 27 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 83 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पाडी पलानीस्वामी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन करते हुए।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## गरीब कैदियों के लिए वित्तीय सहायता योजना को कम लोग अपना रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश की तमाम जेलों में बंद गरीब कैदियों को जुर्माना राशि और जमानत के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 20 करोड़ रुपये आवंटित करती है। हालांकि सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2023 में योजना के शुरू होने से लेकर आज तक 12 राज्यों ने केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) खाते से महज 22,84,451 रुपये की धनराशि ही निकाली है। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि गृह मंत्रालय ने वर्ष 2023 में गरीब कैदियों की सहायता के लिए योजना शुरू की थी। योजना के कार्यान्वयन के लिए 19 जून 2023 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया को साझा किया गया था। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस योजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए 20-20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था।

# लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाताः राहुल

● हम जो कहना चाहते हैं, कहने नहीं देते, सदन अलोकतांत्रिक तरीके से चला रहेः कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

**आरोप**

▶ विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा- विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया। मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया तरीका है। डेमोक्रेसी में सरकार और अपोजिशन (विपक्ष) की जगह होती है। यहां अपोजिशन की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री जी ने कुंभ मेले के बारे में बोला। मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ। बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया। पता नहीं इनकी क्या थिंकिंग (सोच), क्या अप्रोच है? सच्चाई यही है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा। हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी है। मैं विपक्ष का नेता हूं। सदन बिल्कुल नॉन-डेमोक्रेटिक स्टाइल (अलोकतांत्रिक तरीके) से चलाया जा रहा है।

**ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6% डिजिटल टैक्स खत्म किया गया**

लोकसभा में फाइनेंस बिल-2025 पैंतीस बदलावों के साथ पास हो गया था। इस बिल में ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6% डिजिटल टैक्स खत्म करना शामिल है। राज्यसभा से मंजूरी के बाद 2025-26 के लिए बजट प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस साल सरकार ने कुल 50.65 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। यह चालू वित्त वर्ष से 7.4% ज्यादा है। बजट दस्तावेजों के अनुसार 1 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में केंद्र की योजनाओं के लिए 5.42 लाख करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं, राज्यों को दी जाने वाली कुल राशि 25.01 लाख करोड़ रुपए है, जो 2023-24 से 4.92 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि नए आयकर बिल पर मानसून सत्र में चर्चा होगी। बिल अभी सेलेक्ट कमेटी के पास है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट देनी है। मौजूदा कानून में 819 धाराएं हैं जबकि नए कानून में सिर्फ 536 धाराएं होंगी। चैप्टर भी 47 से घटकर 23 रह जाएंगे। इसके अलावा 1200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हट जाएंगे। भाजपा ने मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। सपा सांसद पोस्टर लेकर सदन में आए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई।

## लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल को दी मर्यादित आचरण की नसीहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदन में नेता विपक्ष राहुल गांधी को आचरण संबंधी मर्यादाओं के पालन करने की नसीहत दी। शून्यकाल की समाप्ति के पूर्व उन्होंने सदन की नियम प्रक्रिया के तहत मर्यादाओं और आचरण करने की बात कही। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों को मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखना चाहिए। सदन में उनके संज्ञान में ऐसी कई घटनाएं हैं, जब सदस्यों के आचरण सदन की उच्च परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप नहीं रहे हैं। इस सदन में पिता-पुत्र मां-बेटी और पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। इस संबंध में वे नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा करते हैं कि वह लोकसभा की प्रक्रिया कार्य संख्या नियम 349 में वर्णित नियमों के तहत आचरण करें जो सदन की उच्च मर्यादा के अनुरूप रहना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में नेता विपक्ष पर की टिप्पणी का कोई कारण नहीं बताया। साथ ही राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस सदस्य इस पर कुछ बोल पाते इससे पहले अध्यक्ष बिरला अपनी टिप्पणियों के बाद कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर उठकर चले गए लोकसभा से बाहर आकर राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें नहीं पता लोकसभा अध्यक्ष किस विषय पर बात कर रहे थे। अध्यक्ष ने जब टिप्पणी की और उन्होंने बोलना चाहा तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया और वे उठकर चले गए।

# नक्सली हिंसा में 81 फीसदी की कमीः केंद्र



**जवाब दिया**

▶ नागरिक व सुरक्षाकर्मियों की मौतों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमीः केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश में नक्सली हिंसा में 81 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमी आई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की समस्या से समग्र रूप से निपटने के लिए भारत सरकार (जीओआई) ने 2015 में एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को मंजूरी दी थी। नीति में सुरक्षा संबंधी उपायों, विकासपरक हस्तक्षेप, स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हकों को सुनिश्चित करने आदि से जुड़ी एक बहुआयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है। नीति के दृढ़ कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप वामपंथी हिंसा और इसके भौगोलिक विस्तार में लगातार कमी आई है। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) द्वारा हिंसा की घटनाएं जो 2010 में अपने उच्चतम स्तर 1936 पर पहुंच गई थीं, जो 2024 में घटकर 374 रह गई हैं, यानी 81 प्रतिशत की कमी हुई है। इस अवधि के दौरान कुल मौतों (नागरिक व सुरक्षा बल) की संख्या में भी 85 प्रतिशत की कमी आई है यानी 2010 में 1005 मौतें हुई थीं, जो 2024 में 150 रह गई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 6 वर्षों के दौरान वामपंथी उग्रवादियों द्वारा की गई हिंसा की घटनाएं जो 2019 में 501 थीं, 2024 में घटकर 374 रह गई हैं, यानी 25 प्रतिशत की कमी।

# देश में सभी संस्थाओं को साथ मिलकर काम करना हैः धनखड़



**एकजुट**

▶ देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना हैः राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटों की जांच ठीक से होनी चाहिए। उन्होंने सदन में यह टिप्पणी कल हुई सर्वदलीय बैठक की जानकारी देते हुए की। धनखड़ ने इस बैठक को सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा जनता के मन को झकझोर रहा है। बैठक में सदन के नेता और विपक्ष के नेता सहित राजनीतिक दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं है। विचार-विमर्श सर्वसम्मति से हुआ। यह चिंता को दर्शाता है। यह मुद्दा संस्थाओं के बीच का नहीं है। ऐसा नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता अपने-अपने दलों और अन्य सभी संबंधित पक्षों से व्यापक परामर्श करेंगे।

## चुनाव में एक साल बाकी, गठबंधन पर अभी विचार नहींः पलानीस्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पाडी पलानीस्वामी ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन को लेकर कहा कि चुनाव में अभी एक साल बाकी है। पार्टी समय आने पर परिस्थितियों के अनुसार गठबंधन पर विचार करेगी। उन्होंने फिलहाल तमिलनाडु में किसी तरह के गठबंधन से इनकार किया है। पलानीस्वामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर आयोजित कमल सखी मंच कार्यक्रम में उपस्थित जन के साथ समूहचित्र में। साथ में हैं विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी।

## शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस



**नोटिस**

▶ कांग्रेस के मुख्य सचेतक ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया। इसमें अमित शाह पर राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने का आरोप है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को दिए गए अपने नोटिस में जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि अमित शाह ने राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाया है। जयराम रमेश ने 25 मार्च, 2025 को आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर बहस के दौरान अमित शाह के जवाब का हवाला दिया है। जयराम रमेश ने दावा किया कि उस दिन अमित शाह ने कहा, "कांग्रेस के शासनकाल में पीएम राहत कोष बनाया गया था और एनडीए यानी मोदी के शासनकाल में पीएम केयर्स फंड बना। कांग्रेस के शासनकाल में केवल एक परिवार का नियंत्रण होता था और कांग्रेस अध्यक्ष इसके सदस्य थे। कांग्रेस अध्यक्ष सरकारी कोष का हिस्सा हैं, वे इस देश के लोगों को क्या जवाब देंगे।

## सोनिया ने मातृ वंदन योजना को लेकर सरकार को घेरा



**पूछा सवाल**

▶ एक अध्ययन के मुताबिक 68 फीसदी महिलाओं को योजना के तहत केवल एक किश्त ही दी गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की सांसद सोनिया गांधी ने बुधवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान गरीब गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली मातृ वंदन योजना के तहत निर्धारित राशि नहीं मुहैया कराने का मुद्दा उठाया। सोनिया गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत असंगठित क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को 6 हजार रुपये प्रति बच्चा पोषण के लिए देने का भी प्रावधान है। सोनिया गांधी ने कहा कि योजना 2017 में शुरू हुई थी, जो इस प्रावधान को ही पूरा करने के लिए थी लेकिन इस योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर केवल पांच हजार रुपये ही दिए जा रहे हैं। दूसरा बच्चा अगर लड़की है तो यही लाभ दिया जा रहा है। साल 2022-23 में हुए एक अध्ययन के मुताबिक 68 फीसदी महिलाओं को इस योजना के तहत केवल एक किश्त ही दी गई। इसके अगले ही साल इसमें भारी गिरावट आई और आंकड़ा 12 फीसदी पर आ गया। सोनिया गांधी ने कहा कि एनएफएसए के तहत पूर्ण प्रसव के दौरान दिए जाने वाले इस लाभ के लिए 12000 करोड़ रुपये वार्षिक बजट की जरूरत है। यह आश्चर्यजनक है कि बजट में एनएफएसए के तहत मातृ वंदन योजना के लिए आवंटन का आंकड़ा ही नहीं दिया गया है।

## पूर्व ईडी प्रमुख आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। संजय कुमार मिश्रा को सचिव स्तर का दर्जा दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने मंगलवार को ईडी के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दे दी।

**आपूर्ति** | प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ की हाल ही वाशिंगटन यात्रा के दौरान इंजन आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया गया था

# एलसीए मार्क-1ए के लिए शुरू हुई इंजन की आपूर्ति



**सेना होगी मजबूत**

▶ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने भारत के स्वदेशी लड़ाकू जेट एलसीए मार्क-1ए के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इंजन की आपूर्ति शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हाल ही वाशिंगटन यात्रा के दौरान इंजन आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया गया था। भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी, लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1ए में लगने वाले जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। अब जीई एयरोस्पेस ने एचएएल को 99 एफ-404 इंजनों में से पहले की डिलीवरी करने का ऐलान 25 मार्च को कर दिया है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने एक बयान में कहा है कि एफ-404 इंजनों की आपूर्ति अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का विकास करके भारत की सेना के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जीई एयरोस्पेस का कहना है कि भारत में सैन्य जेट प्रणोदन सहयोग का एक मजबूत इतिहास है। एचएएल के साथ 40 साल के संबंधों और देश की रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाते हुए, 1980 के दशक में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के साथ सहयोग करने के बाद जीई एयरोस्पेस के एफ-404 इंजन को 2004 में सिंगल-इंजन तेजस के लिए चुना गया था। यह इंजन भारत के एकल इंजन वाले लड़ाकू विमान के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

## रेप पर हाई कोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशील



**प्रतिबंध लगा**

▶ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के नाबालिग लड़की से संबंधी विवादित आदेश पर प्रतिबंध लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के नाबालिग लड़की के साथ रेप की कोशिश से जुड़े फैसले पर स्वतः संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दिया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट का यह आदेश आश्चर्य भरा है। यह आदेश कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अनभिज्ञ, असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और हाईकोर्ट के संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस आदेश की आलोचना की। सुप्रीम कोर्ट का इस मसले पर ध्यान वकील शोभा गुप्ता के पत्र ने खींचा। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले पर संज्ञान लेने की मांग की थी। दरअसल इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कासगंज के ट्रायल कोर्ट के आदेश को पलटते हुए कहा था कि किसी पीड़िता का प्राइवेट पार्ट छूना और उसकी सलवार का नाड़ा तोड़ना रेप या रेप की कोशिश नहीं माना जाएगा बल्कि ये एक गंभीर यौन उत्पीड़न माना जाएगा। कासगंज के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर दो आरोपितों को शुरू में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की दारा 18 के तहत मुकदमा

# प्रवेश के निर्वाचन को चुनौती वाली याचिका पर नोटिस जारी किया

**जवाब तलब**

ऐसा करना आतिशी ने जनप्रतिनिधित्व कानून की दारा 123(1) के तहत भ्रष्ट आचरण है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा के नई दिल्ली सीट से निर्वाचन को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने प्रवेश वर्मा, निर्वाचन आयोग और नई दिल्ली सीट से उम्मीदवार रहे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 23 उम्मीदवारों और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। याचिका विश्वनाथ अग्रवाल ने दायर की है। सुनवाई के दौरान विश्वनाथ अग्रवाल की ओर से पेश वकील ने कहा कि चुनाव लड़ने की सारी योग्यता पूरी करने के बावजूद निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें 03 बजे के पहले नामांकन दाखिल नहीं करने दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में प्रवेश वर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अरविंद केजरीवाल को 4089 वोट से हराया था। प्रवेश वर्मा को कुल 30088 वोट मिले थे। उल्लेखनीय है कि आज ही हाई कोर्ट ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के दिल्ली विधानसभा चुनाव में निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है। आतिशी के खिलाफ याचिका कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के निवासी कमलजीत सिंह दुग्गल और आयुष राणा ने दायर की है। याचिका में आतिशी को कालकाजी विधानसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान आतिशी और उनके चुनाव प्रतिनिधि ने भ्रष्ट आचरण का इस्तेमाल किया। याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले आतिशी मार्लेना के एक निकट सहयोगी को पांच लाख रुपये की नकदी के साथ पकड़ा गया था और वो आतिशी मार्लेना के निर्देश पर मतदाताओं को रिश्वत देने का काम कर रहा था। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना आतिशी मार्लेना ने जनप्रतिनिधित्व कानून की दारा 123(1) के तहत भ्रष्ट आचरण है।

# नाबालिग का अपहरण कर हत्या, तीन नाबालिग पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के वजीराबाद थाना इलाके स्थित मिलन विहार में एक नाबालिग की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोप मृतक के दोस्तों पर लगा है। जानकारी के मुताबिक आरोपित युवकों ने पहले मृतक को कॉल कर मिलने बुलाया फिर उसके पिता को कॉल कर 10 लाख रुपये फिरौती मांगी गई। जिसके बाद 14 साल के नाबालिग का शव खून से लथपथ हालत में मिला। मृतक की पहचानन वैभव उर्फ कन्नू (15) के रूप में हुई है। डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार नाबालिग नौवीं कक्षा का छात्र था। मृतक नाबालिक परिवार के साथ मिलन विहार इलाके में रहता था। उसके पिता कैब चलाते हैं, मृतक परिवार का इकलौता बच्चा था। रविवार को नाबालिग घर पर ही था, जब उसके कुछ दोस्तों का फोन आया और उसे घर के बाहर यमुना पुश्ते पर बुलाया। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उसकी तलाश करनी शुरू कर दी और पुलिस को भी सूचना दी।

पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इस बीच पिता के मोबाइल पर फोन आया और महज कुछ सेकंड की बातचीत में ही मृतक के पिता से अपहरणकर्ताओं ने 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी और फिरौती की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पिता ने मामले की सूचना पुलिस दी। पुलिस टीम ने तुरंत फोन कॉल को ट्रैक किया और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले गए। जिससे मालूम चला कि नाबालिग अपने कुछ दोस्तों के साथ गया था। पुलिस को मंगलवार कोशव भलस्वा झील के पास मिला। डीसीपी के अनुसार उक्त मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थानः सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ थिक वेब स्विचेस ओवर दिल्ली डिवीजन। | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 15,17,77,680.45/- |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 9,08,900.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 25.03.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 16.04.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1444 दिनांकः 25.03.2025 931/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

टेण्डर संख्याः 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2025/556 दिनांकः 24.03.2025

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विधुत अभियन्ता/क0वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

निविदा सं.: 230-क0वि0-कार्य ठेका-947-2025 | अनुमानित लागतः ₹ 99738725.59

कार्य का विवरणः प्रयागराज मंडल में पंडित दीन दयाल उपाध्याय - झिंझक के पहले से विद्युतीकृत खंडो में मौजूदा गैर-विद्युतीकृत साइडिंग का विद्युतीकरण।

बिड सुरक्षा राशिः ₹ 648700.00 | कार्य अवधिः 18 महीना | बोली प्रणालीः एक पैकेट

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 17.04.2025, 14.00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 17.04.2025, 15.00 बजे

नोटः- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 531/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06255001 A | हाई टेन्सिल स्टील वायर स्ट्रैंड्स ऑफ 3 एम एम x 3 पी एल वाई | 280000 किलो ग्राम | 23-04-25 |
| 02 | 77259024 RGC | स्विच एक्सपेंशन जॉइंट 60 किलो ग्राम | 929 सेट | 25-04-25 |
| 03 | 07241017 A | लोअर स्प्रिंग सीट | 5558 नग | 28-04-25 |
| 04 | 18240145 A | मल्टीकलर पी आर एस टिकट | 73476 रोल्स | 28-04-25 |
| 05 | 15255043 | सी एन सी वर्टीकल टर्निंग लेथ | 2 नग | 12-05-25 |
| 06 | 15255036 | सी एन सी अंडर फ्लोर व्हील लेथ | 1 नग | 13-05-25 |
| 07 | 77259025 RGC | स्विच एक्सपेंशन जॉइंट 52 किलो ग्राम | 200 सेट | 15-05-25 |

निविदा शर्तेः 1. विस्तृत जानकारी IREPS वैबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 107 /2024-2025 दिनांकः 26.03.2025 939/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्रेटर नोएडा में महंगी होगी रजिस्ट्री, सर्किल रेट में 70 प्रतिशत की वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा :** जिला प्रशासन ने सर्किल रेट की प्रस्तावित दरों का बदलाव के साथ प्रकाशन कर दिया है। अलग-अलग श्रेणी की भूमि में 15 से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है।

जेवर तहसील में कृषि भूमि के सर्किल रेट में 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में फ्लैटों की रजिस्ट्री भी महंगी हो जाएगी। यहां सर्किल रेट में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि प्रस्तावित की है।

प्रशासन ने प्रस्तावित दरों पर जिले के लोगों से 5 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी है। आपत्तियों को निस्तारण करने के बाद प्रशासन सर्किल रेट की नई दरों को लागू करेगा। गौतमबुद्ध नगर में वर्ष 2016 के बाद से सर्किल रेट की दरों में बदलाव नहीं हुआ है।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन / डीएलआई के अधीन एसएसई / डब्ल्यू / डीएलआई / लाइन के खंड में रामपुरा में स्लीपर डिपो सहित शकूरबस्ती ट्रैक डिपो में स्टोर उद्देश्य के लिए शेड का प्रावधान, ग्लूड जॉइंट का निर्माण, सड़क, कार्यालयों की मरम्मत और अन्य संबद्ध कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,89,30,634.39 / – (रुपये एक करोड़ नवासी लाख तीस हजार छह सौ चौंतीस और उनतालीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,44,700 / – (रुपये दो लाख चौवालीस हजार सात सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.04.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू / 280 / ई–निविदा सूचना / 55–2024–25 / डब्यू–3
दिनांक : 26.03.2025
934/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आज़ाद उर्फ अज्जू**, पुत्र शेरू, निवासी- एफ-30, ओल्ड सीमापुरी, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 433/22 धारा 380/411 भा.द.स थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आज़ाद उर्फ अज्जू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आज़ाद उर्फ अज्जू** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **आज़ाद उर्फ अज्जू, एफ आई आर नंबर 433/22 धारा 380/411 भा.द.स थाना सीमापुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी
प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/2047/SHD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शक्ति @ शारदा, पुत्र पी. राजपाल सिंह, निवासी आरजेड – 639, गली नंबर 10, गोपाल नगर, नजफगढ़, दिल्ली** ने **FIR No. 477/14, U/s 341/394/397/411/482/34 IPC पुलिस थाना मुंडका, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शक्ति @ शारदा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शक्ति @ शारदा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मुंडका, दिल्ली** के अभियुक्त **शक्ति @ शारदा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अदिति गर्ग
एएसजे–06 (पॉक्सो)
कमरा नंबर 22
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3789/OD/2025

# तेज रफ्तार रोडवेज ने कार को पीछे से मारी टक्कर

**मसूरी (गाजियाबाद) :** क्षेत्रांतर्गत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर बुधवार दोपहर सिकरोड़ा के सामने दिल्ली से मेरठ की ओर जा रही आई-10 कार में पीछे से गढ़ डिपो की रोडवेज बस चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में बैठे लोग घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया है। इलाज के दौरान एक किशोर की मौत हो गई। बस चालक बस छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को कब्जे में लिया। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि बुधवार दोपहर 3 बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से मेरठ की ओर जाते हुए सिकरोड़ा गांव के सामने रोडवेज बस चालक ने आगे चल रही आई-10 कार में टक्कर मार दी। जिसमें परिवार के कई लोग घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान मयूर विहार फेस 3 दिल्ली निवासी सपना गोयल 55 पत्नी राजेश कुमार, रिया अग्रवाल 27 व प्रज्ञा अग्रवाल 17 पुत्री राजेश कुमार तथा राजेश कुमार की साली पूजा अग्रवाल 40 व पूजा अग्रवाल का बेटा सौम्या 16 के रुप में हुई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाजवंती पत्नी श्री महेन्द्र कुमार पता मकान नं. B-75/A, विजय विहार, फेस–II, रिठाला, नार्थ वेस्ट, दिल्ली ने एफआईआर सं. 989 / 2018 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः नार्थ रोहिणी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **लाजवंती** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **लाजवंती** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 989 / 2018 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः नार्थ रोहिणी, दिल्ली **के उक्त लाजवंती** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
(नार्थ–वेस्ट) कोर्ट नं.107,
प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली
DP/3723/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **साक्षी**, पुत्री स्वर्गीय श्री सोम नाथ, निवासी- बी-274, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-1, अवंतिका, रोहिणी, दिल्ली ने **केस रजिस्ट्रेशन नंबर 14560/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साक्षी** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साक्षी** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **साक्षी, केस रजिस्ट्रेशन नंबर 14560/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/3710/RD/2025

**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110001
Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्याः 117–एस / सेल / ऑक्शन प्रोग्राम / 2025–26 दिनांकः 21.03.2025

नीलामी सूचना सं०–'जून–2025'

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज / यूज्ड ऑयल / रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्मारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

'जून'–2025 की ई–नीलामी तिथि

| क्र० सं० | नीलामी करने वाला डिपो / डिवीज़न | | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग / लखनऊ | 0522–2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 6 | 11 | 17 | 23 |
| 2 | शकुरबस्ती | 011–27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 9 | 12 | 18 | 24 |
| 3 | जगाधरी | 01732–252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 9 | 14 | 19 | 24 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / लखनऊ | 0522–2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 10 | 16 | 19 | 25 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / फिरोजपुर | 01632–244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 10 | 16 | 20 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / अम्बाला | 0171–2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 9 | 13 | 19 | 25 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / मुरादाबाद | 0591–2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 11 | 17 | 20 | 26 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दिल्ली | 011–23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 13 | 20 | 30 |

नोटः 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 4. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in देखें।

912/2025 (नरेंद्र सिंह), उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

### बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।





# दिल्ली बजट पर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने खड़े किए सवाल

## नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को लिखा पत्र, स्पीकर ने दिया जवाब







**मांग**

**▶▶ बजट सत्र का उद्देश्य बजट पेश करना और बजट पर चर्चा करना है, चर्चा के लिए एक घंटा आवंटित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता व नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने दिल्ली के बजट को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने स्पीकर को पत्र लिखकर बजट पर चर्चा के लिए दो दिन का समय मांगा है। आप नेता आतिशी ने उठाए ये सवाल नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, "बजट सत्र का उद्देश्य बजट पेश करना और बजट पर चर्चा करना है, लेकिन कल जब आज के लिए कार्यसूची आई तो बजट पर चर्चा के लिए केवल एक घंटा आवंटित किया गया। मैं भाजपा से पूछना चाहती हूं कि आप क्या छिपा रहे हैं? आप बजट पर चर्चा क्यों नहीं चाहते? इससे साफ पता चलता है कि कुछ गड़बड़ है। मैंने स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को पत्र लिखकर बजट पर चर्चा के लिए कम से कम दो दिन का समय मांगा है।" विजेंद्र गुप्ता की ओर से कहा गया कि आतिशी से पत्र प्राप्त हुआ है। बजट पर चर्चा के लिए एक घंटे का समय दिया गया है। यह असत्य है। एक कहना तर्कसंगत नहीं है कि एक घंटे का समय दिया गया है। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया जा चुका है कि 26 व 27 को चर्चा होगी। सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। कहा गया कि पत्र में जो विषय लिखा वह तर्कसंगत नहीं है। बजट पर पूरी चर्चा होगी।

### आतिशी के निर्वाचन को चुनौती, हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के दिल्ली विधानसभा चुनाव में निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने आतिशी मार्लेना, निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी।
सुनवाई के दौरान निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि ये स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि चुनाव याचिका में न तो निर्वाचन अधिकारी और न ही निर्वाचन आयोग को पक्षकार बनाया जाता है। तब कोर्ट ने कहा कि ये आप पर निर्भर है कि आप जवाब में इस पक्ष को रखें। याचिका कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के निवासी कमलजीत सिंह दुग्गल और आयुष राणा ने दायर की है। याचिका में आतिशी को कालकाजी विधानसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान आतिशी मार्लेना और उनके चुनाव प्रतिनिधि ने भ्रष्ट आचरण का इस्तेमाल किया। चुनाव से एक दिन पहले आतिशी के एक निकट सहयोगी को पांच लाख रुपये की नकदी के साथ पकड़ा गया। वह आतिशी मार्लेना के निर्देश पर मतदाताओं को रिश्वत देने का काम कर रहा था। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना आतिशी मार्लेना का जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123(1) के तहत भ्रष्ट आचरण है। विधानसभा चुनाव में आतिशी ने भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी को 3521 मतों के अंतर से हराया है। आतिशी को कुल 52154 और बिधूड़ी को 48633 वोट मिले। कांग्रेस की उम्मीदवार अलका लांबा तीसरे नंबर रहीं और उन्हें केवल 4392 वोट मिले।

### हैदरपुर फ्लाईओवर पर आवारा पशुओं के आने से रुका सीएम का काफिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के काफिले को शालीमार बाग के हैदरपुर फ्लाईओवर पर आवारा पशुओं के आ जाने की वजह से बुधवार को रुकना पड़ा। मुख्यमंत्री ने गाड़ी से उतर कर संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर पर घूम रहे आवारा पशुओं के लिए उचित आश्रय स्थल खोजने का निर्देश दिया। दिल्ली की सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमने की वजह से अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट में दिल्ली के गांव घुमनहेड़ा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 'मॉडल गौशाला' स्थापित करने के लिए 40 रुपए करोड़ का बजट निर्धारित किया है। इस गौशाला में गौ-संरक्षण, दुग्ध उत्पादन और पशु चिकित्सा के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## मारुति खरखौदा में तीसरा संयंत्र लगाने के लिए 7410 करोड़ का करेगी निवेश

**निवेश**

**▶▶ तीसरा प्लांट लगाने को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके लिए 7410 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के निदेशक मंडल ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरा संयंत्र स्थापित करने के लिए 7410 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। इससे कंपनी के उत्पादन में प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहन जुड़ जाएंगे। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को नियामक फाइलिंग में दी जानकारी में बताया कि कंपनी के बोर्ड ने खरखौदा में तीसरा प्लांट लगाने को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके लिए 7410 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस नई सुविधा से कंपनी के उत्पादन में प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहन जुड़ जाएंगे।
प्रस्तावित संयंत्र के 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि खरखौदा में मौजूदा उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई प्रति वर्ष है, जबकि 2.5 लाख इकाई सालाना उत्पादन क्षमता वाला एक और संयंत्र निमार्णाधीन है। खरखौदा में 2.5 लाख वाहन प्रति वर्ष क्षमता वाले तीसरे संयंत्र की स्थापना के साथ वाहनों की उत्पादन सालाना 7.5 लाख इकाई तक पहुंचने की संभावना है।

## संविधान सपोर्ट ग्रुप ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में संविधान सपोर्ट ग्रुप ने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया। इस प्रदर्शन में संविधान सपोर्ट ग्रुप के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, आम नागरिको के साथ छात्र, कवि, लेखक, युवा इंजीनियर, युवा डॉक्टर, युवा वकील शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से चुनाव प्रक्रिया सरल हो जाएगी। इसके साथ ही सरकार को प्रभावी तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। संविधान समर्थन टीम द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में युवा कलाकारों के एक समूह ने जंतर-मंतर पर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक के समर्थन में पेंटिंग बनाई। अपनी कला के माध्यम से सभी अपनी बात कह रहे थे। सभी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में एकजुट हैं, क्योंकि यह देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान जंतर-मंतर पर पहुंचे अभिनेता वरुण शर्मा ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' बहुत अच्छी पहल है। तीन महीने से इस बारे में पढ़ रहा हूं। उन्होंने लोगो से कहा कि इस बारे में जितनी जानकारी प्राप्त कर सकें, उतनी जानकारी प्राप्त करें। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से बहुत समय बचेगा।




**मांग**

**▶▶ संविधान सपोर्ट ग्रुप के सदस्य, आम नागरिकों के साथ छात्र, कवि, लेखक, युवा इंजीनियर शामिल रहे**

## हिरासत में रहकर इंजीनियर रशीद संसद सत्र में भाग लेंगे: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित सांसद इंजीनियर रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने इंजीनियर रशीद को हिरासत में 26 मार्च से 4 अप्रैल तक संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने 25 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में एनआईए ने इंजीनियर रशीद की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि सांसद होने की वजह से उन्हें जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हाई कोर्ट ने 12 मार्च को इंजीनियर रशीद की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया था। इंजीनियर रशीद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा था कि इंजीनियर रशीद ने इसके पहले भी संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी लेकिन कोर्ट ने केवल दो दिन संसद के सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। हरिहरन ने कहा था कि संसद का सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इंजीनियर रशीद बारामूला से सांसद हैं और बारामूला की आबादी जम्मू-कश्मीर की कुल आबादी का 45 फीसदी है। इतनी बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व खाली नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने मांग की थी कि इंजीनियर रशीद को कस्टडी पेरोल पर रिहा किया जाए। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से पेश वकील अक्षय मलिक ने कहा था कि इसके पहले हाई कोर्ट ने जो कस्टडी पेरोल दी थी उस समय इस मामले की सुनवाई के लिए कोई कोर्ट नियत नहीं थी। अब इस मामले में स्पेशल कोर्ट नियत कर दी गई है। ट्रायल कोर्ट ने इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा हुआ है और 19 मार्च को फैसला सुनाया जाना है। इंजीनियर रशीद ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। पटियाला हाउस कोर्ट ने 10 मार्च को इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग खारिज कर दी थी। याचिका में कहा गया है कि इंजीनियर रशीद एक सांसद हैं और उन्हें जिन लोगों ने चुना है उनके प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए संसद के सत्र में हिस्सा लेने की जरूरत है। याचिका में कहा गया है कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू हो रहा है जो 4 अप्रैल को खत्म होगा। इंजीनियर रशीद ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की थी। रशीद को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, इंजीनियर रशीद, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई।




**फैसला**

**▶▶ 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई थी**

## शास्त्रीय संगीत को समर्पित तीन संध्याओं का हो रहा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने स्पिक मैके के सहयोग से नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में शनिवार से सोमवार यानी 29 से 31 मार्च तक शाम 06.30 बजे से रोजाना ह्मम्यूजिक इन द पार्कह्व श्रृंखला के तहत शास्त्रीय संगीत समारोह को समर्पित तीन संध्याओं को आयोजित कर रही है। नेहरू पार्क में इस शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम के लिए प्रवेश नीति मार्ग की ओर से है और सभी के लिए यह निःशुल्क है। स्पिक मैके के सहयोग से 21 साल की प्रतिष्ठित संगीत परंपरा के उत्सव को चिह्नित करने के लिए एनडीएमसी शास्त्रीय संगीत को समर्पित तीन संध्याओं प्रस्तुत करके, शास्त्रीय संगीत के छह दिग्गज कलाकारों के साथ 12 अन्य कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा। राष्ट्रीय राजधानी के नेहरू पार्क की पृष्ठभूमि में ये शास्त्रीय संगीत समारोह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति आदर और सम्मान प्रस्तुत करेंगे।
एनडीएमसी द्वारा आयोजित होने वाली शास्त्रीय संगीत संध्याओं की शुरूआत डॉ. एल सुब्रमण्यम और अंबी (कर्नाटक वायलिन वादक ) द्वारा की जाएगी, जिसमें एन राधाकृष्णन (मृदंगम वादक), अकरम खान (तबला वादक ), गणेशन नटराजन (कंजीरा वादक) शामिल होंगे, इसके बाद अश्विनी भिडे देशपांडे (हिंदुस्तानी गायन) के साथ विनोद लेले (तबला), विनय मिश्रा (हारमोनियम) की प्रस्तुति शनिवार 29 मार्च को होगी।

## मनोरंजन की जमानत याचिका पर पुलिस को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक के आरोपित मनोरंजन डी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान मनोरंजन डी की ओर से पेश वकील ने कहा कि आरोपित के विरोध का तरीका भले गलत था लेकिन उसकी नीयत किसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की नहीं थी। आरोपित पढ़े-लिखे हैं और वे बेरोजगारी के मसले को उठा रहे थे। इस मामले के सभी आरोपित अभी न्यायिक हिरासत में हैं। इसके पहले पटियाला हाउस कोर्ट मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई 2024 को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा मामले में 186, 353, 153, 452, 201, 34, 120बी और यूएपीए की धारा 13, 16, 18 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने 7 जून 2024 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने जिन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है उनमें मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट करीब एक हजार पन्नों की है।




**जवाब तलब**

**▶▶ चंद्रधारी सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को करने का आदेश दिया**

### वीडियो बनाने के बाद एक व्यक्ति ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के गांधी नगर इलाके में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान ललित मोहन वार्ष्णेय के रूप में हुई है। मृतक ने खुदकुशी करने से पहले एक वीडियो बनाकर एक शख्स पर खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतक ने आरोप लगाया कि संजीव जैन नामक शख्स से उन्होंने ब्याज पर 50 हजार रुपये लिये थे।

## जस्टिस वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर बुधवार को दिल्ली पुलिस पहुंची। बताया जा रहा है कि, उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह को सील किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया जा रहा है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर नई दिल्ली के डीसीपी व अन्य आला अधिकारी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ तुगलक रोड के एसएचओ भी मौजूद रहे। आग लगने की सूचना जस्टिस यशवंत वर्मा के निजी सहायक ने 14 मार्च को रात 11.30 बजे दी थी, जिसे आधी रात बुझा लिया गया था।



**ये है पूरा मामला**
जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में एक वीडियो जारी किया था। जिसमें जज के सरकारी आवास में नोटों के बंडल जले हुए दिखाई दे रहे थे। इसके बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के बाहर भी 500 रुपये के जले हुए नोट मिले थे। जस्टिस यशवंत वर्मा का सरकारी आवास दिल्ली के 30 तुगलक रोड पर है।

## डाक विभाग ने माता कर्मा पर स्मारक डाक टिकट जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने प्रख्यात संत, समाज सुधारक और भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त माता कर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी 1009वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है।
माता कर्मा को भगवान कृष्ण के प्रति उनकी अटूट भक्ति और सामाजिक सुधार के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि डाक विभाग ने मंगलवार को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर उनके सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।
इस अवसर पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक्स पोस्ट पर कहा कि सामाजिक समरसता एवं महिला सशक्तीकरण की प्रतिमूर्ति, भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त, माता कर्मा देवी जी की 1009वीं जयंती पर डाक विभाग ने स्मारक डाक टिकट जारी कर उनके महान योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सिंधिया ने कहा कि मां कर्मा देवी जी ने समाज में भक्ति, सेवा और सद्भाव का जो संदेश दिया, वह युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए एक और डायनेमिक कैंडिडेट ओपन हाउस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार गुरुवार को पिछले सत्रों की सफलता के आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए एक और कैंडिडेट ओपन हाउस आयोजित करने जा रही है। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए इस कुशल कैंडिडेट ओपन हाउस की मेजबानी करेगा। इसमें शामिल उद्योग विशेषज्ञ आवेदकों के प्रश्नों का उसी वक्त उत्तर देंगे।कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि एमसीए अपने पिछले सत्रों की सफलता के आधार पर 27 मार्च को पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए एक और कैंडिडेट ओपन हाउस की मेजबानी करेगा। इस आगामी सत्र को खासतौर पर रोमांचक बनाने वाला विशेष खंड है, जिसमें उद्योग के विशेषज्ञ शामिल होंगे और इंटर्नशिप के महत्व, करियर निर्माण रणनीतियों और पेशेवर विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक साप्ताहिक आधार पर आयोजित होने वाले ये ओपन हाउस आवेदन प्रक्रिया में आगे बढ़ने वाले उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अवसर के रूप में काम करते हैं। इसके अलावा पिछले सत्रों के सफल प्रशिक्षु अपने व्यक्तिगत अनुभव को इस सत्र के दौरान साझा करेंगे और इस बारे में प्रत्यक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे कि पीएम इंटर्नशिप योजना ने उनके करियर को कैसे आगे बढ़ाया है। यह विशेष खंड इच्छुक उम्मीदवारों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने कहा कि एक सुनियोजित और उत्पादक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों को ईमेल के जरिए भेजे गए समर्पित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपने प्रश्न पहले से ही प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। इसके जरिए सत्र के सभापति सबसे आम समस्याओं को प्रभावी ढंग से समाधान कर सकेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित होता है कि सत्र के दौरान उठाए गए लाइव प्रश्नों का उसी समय जवाब मिले। उल्लेखनीय है कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय पीएम इंटर्नशिप योजना के सभी आवेदकों के लिए पारदर्शिता, खुला संचार और एक सहज अनुभव को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इन ओपन हाउस के जरिए उम्मीदवारों के साथ लगातार जुड़कर, एमसीए का उद्देश्य युवा पेशेवरों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है, ताकि वे इस प्रतिष्ठित अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं। साप्ताहिक आधार पर आयोजित होने वाले ये ओपन हाउस आवेदन प्रक्रिया में आगे बढ़ने वाले उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में काम करते हैं।




**कुशल कैंडिडेट**

**▶▶ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए इस कुशल कैंडिडेट ओपन हाउस की मेजबानी करेगा**

# ट्रैवल एजेंटों की नकेल कसने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गैर कानूनी तरीकों के माध्यम से युवाओं को विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। अब तक 127 मामले दर्ज कर 102 एजेंटों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। आठ ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है। मुख्यमंत्री आज यहां विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान लाये गए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रैवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने और उनकी अवैध गतिविधियों की जांच और उन पर अंकुश लगाने सहित युवाओं को उनके शोषण से बचाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में पारित होने वाले इस विधेयक को



लेकर विपक्ष की क्या मंशा है इस बारे में तो उन्हें पता नहीं, लेकिन प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है कि युवाओं को गलत तरीके से विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विधेयक का विषय युवाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि सदन में पहले भी यह विधेयक लाया गया था परंतु तीन नए कानून आने के बाद कुछ धाराओं में परिवर्तन हुआ है, इसलिए एक बार फिर से विधानसभा में इस विधेयक को लाया गया है ताकि विधेयक में कड़े प्रावधान सुनिश्चित कर युवाओं को शोषण से बचाया जा सके।

उन्होंने बताया कि विदेश जाने के लिए युवा अपनी जमीन तक बेच देते थे और असुरक्षित तरीके से उन्हें विदेश भेजने का काम किया जाता था। इस विधेयक के कानून बनाने के बाद ऐसी गैर कानूनी प्रथा पर अंकुश लगाने में सरकार को कामयाबी मिलेगी।

**बिल पारित**

- गैर कानूनी तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई
- हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 सदन में सर्वसम्मति से पारित
- केंद्र की सरकार यूक्रेन में फंसे 23000 युवाओं को सुरक्षित भारत लेकर आई

मुख्यमंत्री ने सदन को अवगत कराया कि इस विधेयक में मानव तस्करी को लेकर भी प्रावधान किया गया है। अगर कोई मानव तस्करी करने में संलिप्त पाया जाता है तो दोषी को 7 से 10 वर्ष के कारावास की सजा का प्रावधान भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विदेशी सहयोग विभाग का गठन किया गया है जिसके माध्यम से युवाओं को व्यापार, नौकरी या शिक्षा के लिए विदेश में सुरक्षित भेजने का काम किया जाएगा। इस विधेयक को लाने का उद्देश्य सभी ट्रैवल एजेंट्स का पंजीकरण करवाना है ताकि सभी एजेंट नए कानून के नियमों के तहत ही युवाओं को बाहर भेजने का काम करें और सरकार के पास भी सही जानकारी उपलब्ध हो सके। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान वहां फंसे 23000 युवाओं को सुरक्षित भारत लाने का काम किया।

## कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है: मुख्यमंत्री सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, वे केवल लोगों को गुमराह कर राजनीतिक स्वार्थ साधने का काम करते हैं। कांग्रेस नेता देश के बारे में नहीं बल्कि स्वयं के बारे में सोचते हैं कि कैसे उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विपुल गोयल और कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने लोकसभा में वक्फ बोर्ड पर लाए गए बिल के संबंध में कहा कि इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीएए पर भी लोगों को गुमराह करने का काम किया। जबकि वो नागरिकता प्रदान करने का कानून था। कांग्रेस द्वारा लोगों को केवल मात्र वोट बैंक के रूप में

**साधा निशाना**

- कांग्रेस नेता देश के बारे में नहीं बल्कि स्वयं के बारे में सोचते हैं कि कैसे उनकी कुर्सी सुरक्षित हो: सैनी

इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों के जीवन को सरल करने के लिए निरंतर नए-नए निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए गत दिवस ही वन टाईम सेटलमेंट स्कीम शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का ध्येय है कि प्रदेश, देश और प्रत्येक व्यक्ति विकास के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निकाय चुनावों के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है और अब जमीनी स्तर पर सभी संकल्प तय समय में पूरे किए जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### महेंद्रगढ़ से अटेली तक की सड़क को चौड़ा व मजबूत करने के लिए विशेष योजना बनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महेंद्रगढ़ से अटेली तक की सड़क को चौड़ा व मजबूत करने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने विधानसभा सत्र में विधायक कॅवर सिंह द्वारा पूछे गए एक सवाल को लेकर यह जवाब दिया है। उन्होंने कहा किसरकार द्वारा इस सड़क के लिए एनसीआरपीबी ऋण योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। 3677.72 लाख रुपये की यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) से ऋण की स्वीकृति के लिए प्रक्रियाधीन है। ऋण की स्वीकृति के बाद इसका कार्य शुरू किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बवानिया से सुन्दरह सड़क की कारपेटिंग करने से संबंधित एक अन्य सवाल के बारे में कहा कि वर्क प्रोग्राम 2025-26 के अंतर्गत बवानिया से सुन्दरह तक सड़क का सुधारीकरण किया जाना प्रस्तावित है। इस सड़क का सुधार कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा।

### हांसी में जल्द पुलिस लाइन का निर्माण हो जाएगा: कृष्ण कुमार बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हांसी में जल्द पुलिस लाइन का निर्माण हो जाएगा, इसके लिए संबंधित विभाग को जमीन हंस्तातरित की जा चुकी है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी विधानसभा सत्र के दौरान विधायक विनोद भ्याणा द्वारा इस संबंध में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस जिला हांसी में पुलिसलाईन के निर्माण के लिए 55 एकड़ 6 कनाल भूमि गृह विभाग (पुलिस) को हस्तांतरित कर दी गई है तथा राजपत्रित अधिकारियों केलिए 5 मकान तथा अन्य रैंकों के लिए 336 मकानों सहित पुलिस लाईन के निर्माण के लिए मास्टर प्लान को भी मंजूरी दे दी गई है। वहीं, पदों के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुलिस जिला हांसी में 8 स्वीकृत पदों के मुकाबले 3 डीएसपी तैनात हैं। आने वाले समय में और अधिकारियों की तैनाती की जाएगी।

### अंबाला में 1857 की क्रांति के शहीदों की याद में बन रहा है एशिया का सबसे बड़ा शहीदी स्मारक - अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अंबाला में आजादी की पहली लड़ाई, 1857 की क्रांति, के दौरान शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति को सम्मान देने के लिए एक भव्य शहीदी स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। हरियाणा के ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री ने आज विधानसभा में इस महत्वपूर्ण परियोजना की जानकारी साझा की। इस स्मारक पर लगभग 580 करोड़ रुपये की लागत आएगी और यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस स्मारक में 1857 की क्रांति के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे और राव तुलाराम जैसे अनेक वीरों की वीरगाथाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने बताया कि हरियाणा के अंबाला कैंट, अहीरवाल, पानीपत सहित उन सभी स्थानों का उल्लेख होगा, जहां इस क्रांति की लड़ाई लड़ी गई थी। उन्होंने कहा कि यह स्मारक उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम बनेगा, जिन्हें लंबे समय तक याद नहीं किया गया। श्री अनिल विज ने स्मारक को देखने के लिए मुख्यमंत्री, विधानसभा के सदस्यों और मीडियाकर्मियों को आमंत्रित किया, ताकि वे इस ऐतिहासिक स्थल की महत्ता को समझ सकें।

## हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज 4 विधेयक पारित किए गए

**किसी भी व्यक्ति को शव का समय पर अंतिम संस्कार न करके किसी भी तरह का विरोध या आंदोलन करके किसी भी मांग को पूरा करने के लिए उकसाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान चार विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक, 2025, हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025, हरियाणा सार्वजनिक द्युत रोकथाम विधेयक, 2025 तथा हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चितता) संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं। इसके अलावा, हरियाणा बागवानी पौधशाला विधेयक,2025 तथा अपर्णा संस्था (प्रबंधन एवं नियंत्रण ग्रहण) विधेयक, 2025 पेश भी किए गए।

**हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक, 2025**

हरियाणा राज्य में शव के बुनियादी मानवाधिकारों को बनाए रखने और शव के सम्मानपूर्वक अंतिम निपटान के लिए और उससे संबंधित और उससे आनुषंगिक मामलों के लिए हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक, 2025 पारित किया गया। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निहितजीवन के अधिकार के दायरे में मृतकों के अधिकार और सम्मान शामिल हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान और उचित व्यवहार का अधिकार न केवल जीवित व्यक्ति को बल्कि उसकी मृत्यु के बाद



उसके शरीर को भी प्राप्त है। मृतक के प्रति सम्मान और आदर मानवीय गरिमा की पहचान है। मृत व्यक्ति के अधिकार और सम्मान को ध्यान में रखते हुए किसी भी व्यक्ति को शव का समय पर अंतिम संस्कार न करके किसी भी तरह का विरोध या आंदोलन कर-के किसी भी मांग को पूरा करने के लिए उकसाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह के विरोध के लिए शव का उपयोग न करे या न करने दे।

एक कानून अर्थात हरियाणा शव का सम्मानजनक विधेयक, 2025 शव के सभ्य और समय पर अंतिम संस्कार के लिए प्रावधान करता है और परिवार के सदस्यों द्वारा शव को अस्वीकार करने और इस तरह अंतिम संस्कार से वंचित करने की स्थिति में, सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा अंतिम संस्कार किया जाता है और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए, यह

**पारित किया**

- आनुषंगिक मामलों के लिए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया गया

विधेयक अपेक्षित है।

**हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025**

ट्रैवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, अखण्डता सुनिश्चित करने और उनकी अवैध और कपटपूर्ण गतिविधियों की जांच करने और अंकुश लगाने, हरियाणा राज्य के निवासियों के हितों की रक्षा करने के लिए ढांचा स्थापित करने और उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया गया

## अवैध प्रवास पर नियंत्रण के लिए कानून जरूरी: अनिल विज

**सख्ती**

- सिबाज कविराज की अध्यक्षता में दूसरी समिति बनाई गई, जिसमे 750 कबूतरबाजों को पकड़ा था

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के श्रम, परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज विधानसभा में हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफट्रैवल एजेंट बिल, 2025 पर चर्चा के दौरान कहा कि इस



विधेयक को लाना बेहद जरूरी है ताकि अवैध प्रवास पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब वे गृह मंत्री थे, तब भारती अरोड़ा की अध्यक्षता में एकसमिति गठित की गई थी, जिसने 600 कबूतरबाजों को पकड़ा था। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक सिबाज कविराज की अध्यक्षता में दूसरी समिति बनाई गई, जिसमे 750 कबूतरबाजों को पकड़ा था। उन्होंने कहा कि ट्रैवल एजेंट्स के लिए कोई नियम-कानून नहीं होने के कारण कोई भी व्यक्ति यह काम शुरू कर देता है। हरियाणा के बहुत से युवा डंकी रूट से विदेश जाते हैं, जिसमें वे समुद्र या जंगलों के रास्तों से होकर गुजरते हैं। इस अवैध प्रवास को रोकने के लिए यह कानून बनाना अनिवार्य है।

## हर जिला मुख्यालय पर वीर-शहीदों की याद में युद्ध स्मारक बनाये

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल के समय सदन को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने हर जिला मुख्यालय पर वीर-शहीदों की याद में युद्ध स्मारक बनाये हैं जिनका रख रखाव सरकार करती हैं जबकि गांवों में बनाये गए युद्ध स्मारक पंचायत विभाग द्वारा बनाये जाते हैं और इनका रखरखाव व सौन्द्रीयकरण का कार्य सम्बन्धित ग्राम पंचायत करती है।

## शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए प्रयास जारी: महिपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राज्य में 14,295 सरकारी विद्यालय संचालित हैं। राज्य सरकार राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। स्नातकोत्तर शिक्षक (पी.जी.टी.) विभिन्न विषयों के कुल 4780 पदों को भरने बारे मांग-पत्र जुलाई 2024 को हरियाणा लोक सेवा आयोग को भेजा गया था और आयोग द्वारा वर्ष 2025 में 1704 पदों की सिफारिशें विभाग में प्राप्त हो चुकी हैं तथा नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इस प्रक्रिया को आगामी शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री महीपाल ढांडा हरियाणा विधानसभा बजट सत्र में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न विषयों में पी.जी.टी. पदोन्नति कोटे के 4550 रिक्त पदों को भरने बारे पदोन्नति मामले आमंत्रित किये जा चुके हैं। इस पदोन्नति प्रक्रिया को भी अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (पी.जी.टी.) व टी.जी.टी (विभिन्न विषयों) के 3427 पदों को भरने बारे हरियाणा कौशल रोजगार निगम को मांग-पत्र भेजा जा चुका है। इसी तरह से प्राथमिक शिक्षक (पी.आर.टी) मेवात काडर में पी. आर. टी. के 1456 रिक्त पदों को

**बुनियादी**

- राजकीय विद्यालयों के बुनियादी ढांचे की समीक्षा की गई और बुनियादी सुविधाओं को पुख्ता किया जाएगा।

भरने हेतु मांग-पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को अगस्त 2024 में भेजा गया था और 7110 शिक्षक (1162 पी.जी.टी एवं 5948 टी.जी.टी) हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अनुबंध आधार पर भी नियुक्त किए गए है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों के बुनियादी ढांचे की समीक्षा की गई और बुनियादी सुविधाओं को पुख्ता किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के लिए कुल 473.44 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। इस चालू वित्त वर्ष में अब तक 306.84 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी हैं।

शेष राशि जल्द उपलब्ध करवाई जाएगी। स्कूलों में पीने के पानी, शौचालयों के निर्माण व अन्य सुविधाओं के लिए 43.48 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं जैसे कि पीने का पानी, लड़के एवं लड़कियों के लिए अलग-2 शौचालय व बिजली के कनेक्शन उपलब्ध है।

## अनाज का उठान, सबको राशन समय पर मिले: राजेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़,26 मार्च - हरियाणा के खाद्य एवं पूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज विभाग के संबद्ध अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी की फसल का समयबद्ध ढंग से उठान एवं उनके खरीद की तैयारियां जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए। इसके अलावा उन्होंने राशन आपूर्ति में भी जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न आने देने के निर्देश दिए। मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों से कहा कि वह गोदाम में गेहूं के वजन में आने वाली शिकायतों को तुरंत प्रभाव से दूर करें और यह



भी तय करें कि गेहूं और बाजरा पूरी तरह से सूखा कर ही राशन डिपो तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसी व्यवस्था बनाएं कि राशन मिलने के बाद उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज या ओटीपी आए जैसे कि एलपीजी और बैंक के ट्रांजैक्शन के समय आते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राशन डिपो की सप्लाई रोकनी पड़े तो उसके नजदीकी डिपो को उसकी सप्लाई दी जाए। इसके अलावा उन्होंने किसी भी डिपो को दो से ज्यादा सप्लाई न देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिन डिपो को मंजूरी दी जानी है, उन पर जल्द निर्णय करें। मंत्री श्री नागर ने भारतीय खाद्य निगम को समय पर राशन के उठान के रिलीज ऑर्डर जारी करने की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

**निर्देश**

- खाद्य निगम को समय पर राशन के उठान के रिलीज ऑर्डर जारी करने की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए

## सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत एमएसएमई की 17 सेवाएं अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) की 17 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही इन सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए पदनामित अधिकारी, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। विभाग की जिन सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में लाया गया है, उनमें मंडी विकास सहायता, परीक्षण उपकरण सहायता स्कीम, क्रेडिट रेटिंग स्कीम, ऊर्जा लेखा परीक्षा स्कीम, पर्यावरण अनुपालना हेतु सहायता, क्रेडिट लिंक्ड ब्याज सब्सिडी स्कीम, सुरक्षा लेखा परीक्षा स्कीम, जल लेखा परीक्षा स्कीम, गुणवत्ता प्रमाणन सहायता स्कीम, स्टाम्प शुल्क रिफंड स्कीम, बिजली शुल्क / ओपन एक्सेस प्रभार छूट, भाड़ा सहायता अनुदान स्कीम, एमएसएमई के लिए ब्याज सब्सिडी, रोजगार सृजन सब्सिडी, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण हेतु सहायता, मूल्य वर्धित कर/राज्य माल और सेवा कर पर निवेश सब्सिडी तथा पेटेंट पंजीकरण स्कीम शामिल हैं। उन सभी सेवाओं/स्कीमों हेतु अनुमोदन पत्र के लिए 45 दिन, स्वीकृति पत्र के लिए 7 दिन तथा संवितरण के लिए 14 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

**जल्द ही पक्की फड़ (प्लेटफॉर्म) बनाई जाएगी**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हाबड़ी में स्थित खरीद केंद्र पर जल्द ही पक्की फड़ (प्लेटफॉर्म) बनाई जाएगी। कृषि मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

## हरियाणा सरकार प्रदेश में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध: शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के दौरान विधायक श्री अर्जुन चौटाला द्वारा प्राइवेट स्कूलों में दाखिला देने के लिए स्कूल प्रबंधकों द्वारा आनाकानी किए जाने के विषय के संबंध में लाए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में सदन को अवगत कराया कि स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा हमेशा बेहतर शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध एवं प्रयासरत है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए कक्षा दूसरी से बारहवीं तक के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों में उनकी सहमति प्राप्त करने उपरांत पढ़ने का समान अवसर देते हुए "मुख्यमंत्री समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान महत्वाकांक्षी योजना वर्ष 2022-23 से शुरू की



गई है। जो कि प्रत्येक वर्ष घटते क्रम में बंद होती जायेगी क्योंकि निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के सैक्शन 12 (1) (उ) को पूर्णतः लागू करते हुए राज्य के सभी मान्यता प्राप्त प्राईवेट विद्यालयों में कक्षा पहली या इससे पूर्व की कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर वर्ग तथा अलाभप्रद ग्रुप से सम्बन्धित विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि चिराग योजना के तहत मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों द्वारा दाखिले हेतु अपनी सहमति एवं घोषित सीटों का विवरण पोर्टल व विद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर दशार्या जाता है। तत्पश्चात जिन अभिभावकों की वार्षिक सत्यापित आय परिवार पहचान पत्र में 1 लाख 80 हजार या उससे कम होती है एवं उनके बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे हैं उनके दाखिले उसी खण्ड के मान्यता प्राप्त सहमति प्राप्त विद्यालयों में करने का प्रावधान है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि चिराग योजना के तहत कक्षा 2 से 5 तक प्रति छात्र 700 रुपये, कक्षा 6 से 8 तक प्रति छात्र 900 रुपये एवं कक्षा 9 से 12 तक प्रति छात्र 1100 रुपये प्रतिमाह की दर से प्रतिपूर्ति राशि या फार्म 6 में घोषित शुल्क राशि जो भी कम है, उसी के अनुसार संबंधित मान्यता प्राप्त स्कूलों को राशि का भुगतान किया जाता है। उन्होंने बताया कि चिराग स्कीम के तहत शैक्षणिक सत्र 2022-23 से 2024-25 तक सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे 2925 विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त प्राईवेट विद्यालयों में दाखिला दिया गया है। इन संबंधित विद्यालयों को वर्ष 2024-25 तक 3,17,51,445 रुपए की राशि का वितरण किया जा चुका है तथा शेष बकाया राशि का वितरण जल्द कर दिया जाएगा। विद्यालयों द्वारा दाखिला न देने बारे अभिभावकों की तरफ से विभाग को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

**शिक्षा उपलब्ध**

- चिराग योजना के तहत गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है

# राई विधायक कृष्णा गहलावत ने बजट सत्र में राई हलके की मांगों को रखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** बजट सत्र के दौरान सोनीपत जिला के राई हलका के विकास के लिए राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगे रखी और उन्हें सरकार से पूर्ण करवाने का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि राई हलका के गांवों को यमुना नदी में आने वाली संभावित बाढ़ से बचाव के लिए दिल्ली की सीमा तक पक्का बांध बनवाने का मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जहां बाढ़ के पानी से किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी वहीं दूसरी ओर दिल्ली तक जाने का अतिरिक्त मार्ग भी तैयार होगा। इसके अलावा राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के लिए राई हल्के के कई गांव जैसे पतला, बढखालसा, नांगल, सेवली व



अन्य कई गांव की जो जमीन अधिग्रहण हुई थी उनका मुआवजा देने में आउटइज प्लॉट देने का मामला कई वर्षों से लंबित है। इसका कमेटी या सीएएचएसवीपी के द्वारा निपटान किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। इसी तरह नगर निगम में शामिल किए

**मांग**

**कृष्णा ने अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगे रखी और उन्हें सरकार से पूर्ण करवाने का मुख्यमंत्री से अनुरोध भी किया**

गए गांव रेवली, गढ़ शाहजहानपुर आदि के जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार प्लॉट आवंटित किए जाएं और कूड़ा डालने की जगह प्रदान की जाए। काफी पुराने बने हुए मकानों जिनकी जमीन को सरकार की ओर से एक्वायर किया गया था, इन मकानों के मालिकों को उनका मालिकाना हक दिलाया जाए। राई हल्के के औद्योगिक एरिया में स्थित गांव सबौली, जठेड़ी, नाथूपुर आदि में एचएसआईडीसी के खाली प्लॉटों में अपशिष्ट उपचार संयंत्र लगाकर फैक्ट्रियों के गंदे पानी की निकासी का स्थाई प्रबंध किया जाए, ताकि लोगों को गंदगी से निजात मिल सके। इसके अतिरिक्त राई हल्के के सबसे बड़े गांव मुरथल में पिछले 50 वर्षों से बसी हुई कालोनियां जोकि अवैध हैं उन्हें वैध किया जाए। इसके साथ-साथ उन्होंने हल्के में 40 के करीब अवैध कालोनियां को भी वैध बनाने की किए जाने की मांग रखी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि एनसीआर क्षेत्र की किसानों की मांग के अनुसार किसानों के ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन 10 साल से बढाकर 20 साल की अवधि तक करने की भी मांग रखी। उन्होंने खादर के जाखोली गांव में लड़कियों के कॉलेज के भवन निर्माण करने की मांग भी रखी।

# छात्रों को दी गई अपना व्यापार शुरू करने के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विद्यार्थियों को अपने खुद की स्टार्टअप कंपनी स्थापित करने तथा स्टार्टअप की दुनिया में नए आयाम स्थापित करने के उद्देश्य से पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में स्थित स्टार्टअप इनक्यूबेटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में स्टार्टअप इनक्यूबेटर के 7वां संस्करण के अंतर्गत 7 दिवसीय विशेष इवेंट आइडिया कृति 7.0 कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धांओं का युग है, हर कोई व्यक्ति उंचाईयों को छूना चाहता है। इसके लिए पढ़ाई करना जरूरी है तथा साथ ही ऐसी कार्यशालाओं में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए,



क्योकि ऐसी कार्यशालाओं में अपने खुद का व्यापार स्थापित करने के उद्देश्य से नई-नई तकनीकों की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इनक्यूबेटर की शुरूआत 2019 में हुई थी और तब से यह कॉलेज के छात्रों को अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस प्लेटफार्म पर कई छात्रों ने अपने विचारों को साकार किया है और बहुत से छात्र इसके माध्यम से अच्छा मुनाफा भी कमा रहे हैं। कार्यशाला में स्टार्टअप इनक्यूबेटर के सेंटर हेड डॉ. सुन्नत ग्रोवर ने बताया कि इस 7 दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को व्यापार की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराया गया है। प्रत्येक दिन कार्यशाला में छात्रों को नए-नए विषयों पर जानकारी दी गई है कि वें स्टार्टअप की दुनिया में कैसे अपनी खुद की कंपनी स्थापित कर सकतें है। कार्यशाला में अभिनव बठला द्वारा समस्या कथन सत्र, डॉ. पीपी अत्रेजा ने मूल्य प्रस्ताव सत्र, अभिनव अरोड़ा द्वारा बाजार अवसर सत्र, मोहित काम्बोज द्वारा बिजनेस मॉडल के नवास सत्र, मनमोहन सिंह द्वारा प्रभावी कहानी सत्र विषय पर जानकारी दी गई।

# भारतीय पैरा तैराकों को वर्ल्ड चौंपियनशिप की टिकट



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारतीय पैरा तैराकों ने बार्सिलोना में हुई वर्ल्ड पैरा स्विमिंग सीरीज 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। 27 सदस्यीय भारतीय टीम में 19 तैराकों ने भाग लिया और कई खिलाडि?ों ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज किए। विभिन्न स्पधाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी टूटे, जिससे भारतीय पैरा तैराकी में नए कीर्तिमान स्थापित हुए।
करनाल से स्विमिंग कोच कंवलजीत सिंह और शरथ गायकवाड़ के नेतृत्व में भारतीय तैराकों ने दमदार प्रदर्शन किया। 17 मार्च से 23 मार्च तक हुई इस प्रतियोगिता में भारत के कार्तिक ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक युवा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग समय भी हासिल कर लिया, जिससे भारतीय पैरा तैराकी को एक और नई ऊंचाई मिली।
स्विमिंग कोच कंवलजीत सिंह ने बताया कि भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी सफलता निरंजन मुकुंदन और हिमांशु नांदल की रही। दोनों तैराकों ने इस साल के अंत में सिंगापुर में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इन दोनों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय दल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली है। भारतीय टीम के लिए एक और अच्छी खबर यह रही कि तेजस नंदकुमार, साथी और वैष्णवी जगताप ने अपनी-अपनी स्पधाओं के बी फाइनल में जगह बना ली। यह प्रदर्शन भारतीय पैरा तैराकी के बढ़ते स्तर को दशार्ता है और भविष्य में भारत की संभावनाओं को और मजबूत करता है। कंवलजीत ने कहा कि बार्सिलोना वर्ल्ड सीरीज में भारतीय तैराकों का यह प्रदर्शन दर्शाता है कि देश की तैराकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मजबूत हो रही है।

# पड़ोसियों की छत पर मिली खून से सनी तलवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कमालपुर रोडान गांव में दंपती हत्याकांड में अब नए खुलासे सामने आ रहे हैं। अब तक पुलिस इसे केवल ड्रिल मशीन से की गई हत्या मान रही थी, लेकिन अब पड़ोसियों की छत से एक खून से सनी तलवार भी बरामद हुई है। इसके साथ ही पुलिस को वहीं से एक मोबाइल भी मिला है। इससे यह साफ हो गया है कि हत्या में तलवार का भी इस्तेमाल हुआ था। पुलिस को 16 दिन बाद भी मृतक महेंद्र का शव नहीं मिला है, जबकि उसकी पत्नी बाला देवी का शव 14 मार्च को पानीपत में नहर से बरामद हुआ था। पुलिस को शक है कि



आरोपी बेटा हिम्मत लगातार गुमराह कर रहा है। इसी वजह से उसे पहले 7 दिन और अब 4 दिन के लिए फिर से रिमांड पर लिया गया है। गांव कमालपुर रोड़ान में 13 मार्च को दंपत्ति महेंद्र और बाला देवी के घर पर ताला लगा हुआ था। परिजनों ने सोचा कि वे कहीं रिश्तेदारों के यहां गए होंगे। दो दिन तक कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजन चिंतित हो गए। 15 मार्च को परिवार के एक सदस्य को दीवार फांदकर घर के अंदर भेजा गया, जहां बरामदे में खून बिखरा हुआ मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि 14 मार्च को पानीपत के डाहर और बिंझौल पुल के पास नहर में एक महिला का शव मिला था, जिसकी पहचान नहीं हो सकी थी। 16 मार्च को जब परिवार को जानकारी मिली तो उन्होंने शव की पहचान बाला देवी के रूप में की। पोस्टमॉर्टम के बाद गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन महेंद्र का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने जब जांच आगे बढ़ाई तो 18 मार्च को आरोपी हिम्मत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कबूला कि उसने अपने माता-पिता की हत्या की थी। हत्या की वजह प्रॉपर्टी विवाद निकली।

# चार साल के बेटे संग पत्नी लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के प्रीतमपुरा में एक विवाहित महिला चार साल के बेटे को लेकर बिना बताए घर से चली गई। पत्नी उस वक्त लापता हुई, जब पति काम पर था और उसकी सास घर से बाहर गई हुई थी। घर लौटने पर जब मां ने देखा कि बहू और पोता नहीं हैं, तो उसने बहू को फोन किया। बहू ने आने की बात कही, लेकिन फिर उसका फोन बंद हो गया। जब ससुराल में संपर्क किया तो वहां भी कोई जानकारी नहीं मिली। परेशान पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।
पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ड्राइवर का काम करता है। कल भी वह रोज की तरह अपने काम पर गया था और उसकी मां भी किसी काम से बाहर गई हुई थी। जब उसकी मां घर लौटी तो देखा कि बहू और चार साल का पोता घर पर नहीं हैं। पहले सोचा कि शायद वह आसपास ही गई होगी, लेकिन काफी देर तक न लौटने पर मां ने बहू को फोन किया। फोन पर बहू ने कहा कि वह थोड़ी देर में आ रही है, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वह नहीं लौटी। जब बहू घर नहीं लौटी, तो युवक और उसकी मां ने दोबारा फोन मिलाया, लेकिन इस बार फोन स्विच ऑफ आ रहा था। बार-बार कॉल करने पर भी कोई संपर्क नहीं हुआ।

# मेयर राजीव जैन को आयुक्त नगर निगम हर्षित ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन को आयुक्त नगर निगम हर्षित जी द्वारा विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाया । पदभार ग्रहण करने के बाद आये हुए सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा राजीव जैन जी को पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई देते हुए आशा वयक्त की कि उनके द्वारा नगर निगम को पूरे हरियाणा में सर्वोच्च स्थान दिलवाया



जायेगा। राजीव जैन द्वारा निगम के सभी अधिकारीयों की बैठक लेते हुए निर्देष दिए कि वो जनता का काम पूरी ईमानदारी से करें और किसी भी नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं उठानी पड़े।

# महेंद्रगढ़ में छात्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण संपन्नः एजिसएज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। राजकीय सीनियर सेकेंडरी** स्कूल, पोता के 9वीं से 12वीं कक्षा के 64 छात्रों ने हाल ही में एक अनूठे व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन छात्रों ने समग्र शिक्षा के तहत स्कूली शिक्षा के व्यावसायीकरण योजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ स्थित एजिसएज टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में 4 दिनों की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी की। यह प्रशिक्षण 21 से 25 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्र में वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करना था।
स्कूल के प्राचार्य सतीश कुमार ने बताया कि यह पहल छात्रों को स्कूल स्तर पर ही प्रायोगिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, "इस प्रशिक्षण का मकसद बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़ाकर वास्तविक कार्य वातावरण में तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना था।" इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कंपनी के



**ट्रेनिंग**

**टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में 4 दिनों की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी की**

निदेशक निखिल यादव और अंशुमन यादव का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के दौरान सॉफ्टवेयर डेवलपर रोहित यादव और टैलेंट एक्विजिशन विशेषज्ञ नीरज भारद्वाज ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया। आईटी/आईटीईएस के व्यावसायिक शिक्षक विकास ने इस प्रशिक्षण को छात्रों के भविष्य के लिए एक सुनहरा अवसर करार दिया। उन्होंने कहा, "आज के प्रतिस्पर्धी दौर में इस तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाता है।" छात्रों ने भी इस अनुभव को अपने करियर के लिए बेहद उपयोगी बताया। 12वीं कक्षा के एक छात्र ने कहा, "हमें ऑफिस में काम करने का तरीका और तकनीकी चीजें समझने का मौका मिला, जो हमारे लिए बहुत फायदेमंद रहा।"
प्रशिक्षण के समापन पर सभी 64 छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जो उनके कौशल और मेहनत का प्रमाण है। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उन्हें भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए भी तैयार किया।

# सोशल मीडिया पर अश्लीलता के खिलाफ मुहिम, किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सोशल मीडिया पर तेजी से बढ़ रही अश्लीलता को रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले विनोद कुमार ने संपूर्ण भारत की पैदल यात्रा शुरू की है। अब तक वे 1500 किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं। और विभिन्न राज्यों में लोगों को जागरूक करते हुए करनाल पहुंचे हैं। विनोद कुमार ने करनाल में बताया कि उन्होंने यह यात्रा पांच महीने पहले शुरू की थी। उनका लक्ष्य देश के 29 राज्यों की यात्रा करना है, जिसमें वे हर जगह जाकर सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट के प्रभावों पर लोगों को

**जागरूकता**

**विनोद कुमार ने संपूर्ण भारत की पैदल यात्रा शुरू की है। अब तक वे 1500 किमी का सफर तय कर चुके हैं**

समझाएंगे। सोशल मीडिया तेजी से फैल रहा है और इसके जरिए बच्चों तक भी अश्लील सामग्री आसानी से पहुंच रही है। यह समाज के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है, जिससे बचाव के लिए उन्होंने यह यात्रा शुरू की है।
विनोद कुमार ने कहा कि आज के समय में लोग सोशल मीडिया पर



फेमस होने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। कई लोग अश्लील वीडियो और फोटो शेयर कर रहे हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। खासकर बच्चों और किशोरों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार बिना सर्च किए भी सोशल मीडिया पर ऐसे कंटेंट खुल जाते हैं, जिससे छोटे बच्चे भी प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस तरह के कंटेंट को बढ़ावा न दें और सोशल मीडिया का सही उपयोग करें। विनोद कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया का अधिक उपयोग लोगों को उनकी वास्तविक जिंदगी से दूर कर रहा है। पहले लोग घरों में परिवार के साथ बातचीत करते थे, समय बिताते थे, लेकिन अब लोग अपने मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों को चाहिए कि वे फिजिकल टॉकिंग को बढ़ावा दें और सोशल मीडिया की लत से बचें। इससे पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे और लोग मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे। अपनी यात्रा की आगामी योजना के बारे में बताते हुए विनोद कुमार ने कहा कि वे आगे लद्दाख पहुंचेंगे और वहां से दक्षिण भारत की ओर बढ़ते हुए कन्याकुमारी तक जाएंगे। उनका कहना है कि वे इस यात्रा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि समाज में बढ़ती अश्लीलता और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन लाने की कोशिश है। उनकी इच्छा है कि इस अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़ें और समाज को इस बुराई से बचाने में सहयोग करें।

# एकमुश्त निपटान योजना से व्यापारियों और छोटे करदाताओं को मिलेगा लाभः जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने बजट सत्र में हरियाणा बकाया राशि की वसूली के लिए एकमुश्त निपटान योजना 2025 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया और कहा कि इस योजना से छोटे व्यापारियों को और करदाताओं को लाभ मिलेगा।
विधायक ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र के अनुरूप संशोधित योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे करदाताओं को लाभ पहुंचाना है। इस योजना के तहत, जिस



आवेदक पर किसी संबंधित अधिनियम के तहत सभी वर्षों में, 10 लाख रुपये तक का कर बकाया है, उसे एक लाख रुपये की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों के बकाये का प्रतिशत काफी अधिक है, जो 10 लाख रुपये से कम है और वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आवेदक नियत तिथि से 180 दिनों के भीतर इस योजना का विकल्प चुन सकता है और संबंधित अधिनियम की किसी भी धारा के तहत लगाए जाने वाले ब्याज के साथ-साथ जुमार्ना भी संबंधित अधिनियम के तहत उस विशेष वर्ष के लिए माफ कर दिया जाएगा, जिसके लिए आवेदक ने आवेदन किया है। इसके अलावा, योजना के तहत वसूल की जाने वाली बकाया राशि को, योजना के लिए आवेदन की तिथि तक बकाया राशि के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

# बुजुर्ग दंपति को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 62 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में बुजुर्ग दंपति को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर 62 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया।
बता दें कि 71 वर्षीय बुजुर्ग दंपत्ति का बेटा विदेश में रहता है और वे खुद करनाल में रहते हैं। बीती 17 फरवरी को उनके पास एक वॉट्सअप कॉल आई, जिसमें खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताने वाली महिला ने कहा कि उनके खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं और अगले दिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने आ रही है। इसके बाद बुजुर्ग को वीडियो कॉल के जरिए जालस-ाजों ने डिजिटल तरीके से अरेस्ट कर लिया और डराकर चार ट्रांजेक्शन में 62 लाख रुपए ठग लिए। बुजुर्ग के बेटे को जब इस मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने साइबर पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और देशभर से 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। करनाल निवासी बुजुर्ग सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 फरवरी को उनके पास वॉट्सअप पर कॉल आई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि/समन्वय, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु विड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम :** निविदा सूचना संख्या 06-2025-CW "सप्लाई, इन्सटॉलेशन एण्ड कमीशनिंग ऑफ आई ओ टी बेस्ड वॉटर लेवल इंडीकेटर एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम फॉर कोचेज ऑफ कुशीनगर एक्सप्रेस (ट्रेन 22537/22538) विद अंडरस्लंग एण्ड ओवरहेड वॉटर टैंक एट गोरखपुर कोचिंग डिपो।" **अनुमानित लागत (रू० में) :** रू० 74,34,000.00 **अग्रिम धन (रू० में) :** रू०. 148,700.00 • निविदा की अवधि –09 माह • ई निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय **18.04.2025, 15:00 बजे** तक एवं यह ई-निविदा **दिनांक 18.04.2025** को **15:00 बजे** के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
वरि० मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि/समन्वय, लखनऊ
मुजाधि/यॉंत्रिक-137
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा **82 Cr.P.C.** देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सचिन उर्फ सुदामा पुत्रः उमा शंकर, पताः** आरजैडयू-16, निहाल विहार, दिल्ली, मकान नं. 410 नं. पंखा रोड़, उत्तम नगर, दिल्ली और मकान नं. 409 नं. पंखा रोड़, उत्तम नगर, दिल्ली ने **FIR No. 62/2020, U/s 25/54/59 Arms Act,** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ सुदामा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ सुदामा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 62/2020, U/s 25/54/59 Arms Act,** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ सुदामा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार**
सुश्री कोमल गर्ग, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -03
जिला पश्चिम, कमरा नं. 292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3802/OD/2025
(Court Matter)

# डिजिटल भारत में विचारों की बेड़ियां

## संपादकीय

### भारत का पानी पर बड़ा संदेश

**इसी** महीने 22 मार्च को मनाए गए विश्व जल दिवस पर भारत ने पूरी दृढ़ता के साथ दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। हरियाणा के पंचकूला में 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2025' की शुरूआत करते हुए केंद्रीय जल शक्तिमंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि अगर कभी पानी को लेकर तीसरा विश्व युद्ध लड़ा गया तो भारत उसका हिस्सा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षित भविष्य का निर्माण किया जा रहा है। पाटिल की यह टिप्पणी बेहद अहम है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से तो घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने योग्य ही नहीं है। सिर्फ तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। वर्ष 2025 में पीने के पानी की मांग 1,093 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 2050 तक यह 1,447 बीसीएम हो सकती है। इस परिदृश्य के बीच जल शक्तिमंत्री की यह आश्वस्ति यह संकेत देती है कि भारत जल संकट से पार पाने के भरपूर इंतजाम कर रहा है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मानव सभ्यता में जल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए वह भावी पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य संसाधन की सुरक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई का देशवासियों से आह्वान कर चुके हैं। यह कहने में कोई परहेज नहीं है कि देशवासी उनके आह्वान को गर्व के साथ लेते हैं। वह चाहे गंगा की सफाई का आह्वान हो या स्वच्छता अभियान। साल 2014 के बाद दोनों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। इस साल जल शक्ति मंत्रालय ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन- 2025' शुरू किया है। इसमें देश के 148 जिलों को जोड़ा गया है, क्योंकि यहां जल संकट की आशंका जताई जा रही थी। "जल संचय, जन भागीदारीः जन जागरूकता की ओर" थीम वाले इस अभियान में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जल चुनौतियों के मद्देनजर जल सुरक्षा, वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण के महत्व पर जोर दिया गया है। इस आयोजन के दौरान ही वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से "जल-जंगल-जनः एक प्राकृतिक बंधन अभियान" भी शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य जंगलों, नदियों और झरनों के बीच पारिस्थितिक संबंधों को बहाल करना है। जल शक्तिमंत्री पाटिल ने कहा कि भारत के जल क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

आज पूरे देश में नागरिकों के दरवाजों तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। उन्होंने दोहराया कि सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक नागरिक के योगदान से ही वास्तविक अर्थ में जल सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। पाटिल ने कहा कि जहां भी बारिश हो उसे इकट्ठा कर वहीं रिचार्ज करना होगा। पंचकूला में जल शक्ति अभियान और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें शामिल हैं-वर्षा जल संचयन प्रणाली, बोरवेल रिचार्ज परियोजना, सूक्ष्म सिंचाई पहल, तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, गोबरधन परियोजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड प्रमुख हैं।

-प्रियंका सौरभ

"डिजिटल भारत की शक्ति उसके नागरिकों की विचार अभिव्यक्ति में ही निहित है। यदि सरकार, डिजिटल मंच और समाज मिलकर एक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो यह तकनीकी युग लोकतंत्र की मूल भावना को सशक्त बना सकता है और भारत को वैश्विक डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना सकता है। यदि सरकार, डिजिटल मंच और समाज मिलकर एक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो भारत डिजिटल क्रांति में अग्रणी बन सकता है, जहाँ अभिव्यक्ति स्वतंत्र और सुरक्षित बनी रहेगी"

**सरकार** द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों की निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश और आईटी नियम 2021 ने डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। धारा 79 डिजिटल मंचों को मध्यस्थ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन हालिया सरकारी हस्तक्षेप ने इस सुरक्षा को चुनौती दी है। सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश, और आईटी नियम 2021 का कड़ा अनुपालन डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है।

सेंसरशिप और आत्म-नियमन के भय से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। हालांकि, झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। इसीलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्लेटफार्म जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत को यूरोप के डिजिटल सर्विसेज एक्ट और अमेरिका के सेक्शन 230 जैसे संतुलित मॉडल से सीख लेकर, एक पारदर्शी और न्यायसंगत डिजिटल नीति अपनानी होगी। सूचना की इस नित परिवर्तनशील धारा में, जहाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म विचारों के विस्तृत वितान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं उन पर लगने वाली बंदिशें एक नवीन प्रश्नचिह्न उत्पन्न करती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन की कठोरता के मध्य झूलते इस युग में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (क्ळ अ३) की धारा 79 एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि निर्मित करती है।

**धारा 79: मध्यस्थता का कवच या नियमन की तलवार?**

आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल मंचों को एक ऐसा आश्रय प्रदान करती है, जो उन्हें उपयोगकताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जवाबदेही से मुक्त रखता है, बशर्ते किः वे मात्र संदेश वाहक की भूमिका निभाएं, न कि नियंत्रक की। किसी अवैध सामग्री की सूचना मिलने पर, नियमानुसार उसे हटाने का यत्न करें।



नवीनतम आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन करें। किन्तु, सरकार के हालिया कदमों ने इस कवच को किसी हद तक छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है, जहाँ अभिव्यक्ति की आजादी और नियमन की शक्ति के मध्य एक सतत संघर्ष दृष्टिगोचर होता है।

**सरकारी हस्तक्षेपः एक यथार्थपरक व्याख्या**

सूचना और संप्रेषण के इस युग में सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों पर यदि दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती निगरानी ने रचनात्मकता को एक कठोर परिधि में बाँधने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश विचारों के मुक्त प्रवाह में एक बाधा के समान प्रतीत होते हैं।

आईटी नियम, 2021 का क्रियान्वयन डिजिटल संवाद के सहज प्रवाह को नियंत्रित करने की मंशा रखता है। कई डिजिटल प्लेटफार्मों पर सामग्री प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता की कमी उपयोगकताओं के अधिकारों पर प्रभाव डालती है। स्वतंत्र पत्रकारिता एवं वैकल्पिक दृष्टिकोणों को प्रतिबंधित करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सरकार द्वारा प्लेटफार्मों की स्वतंत्रता को सीमित करने और दायित्व को बढ़ाने की दिशा में एक अनवरत प्रयास किया जा रहा है।

**विचारों की स्वतंत्रता बनाम उत्तरदायित्व का प्रश्न**

सेंसरशिप और कंटेंट टेकडाउन जैसे कदम कलात्मक स्वतंत्रता, पत्रकारिता और राजनीतिक आलोचना पर गहरी छाया डालते हैं। आत्म-नियमन (ीं'ा-ी४ँ३ङ्गल्ल) के भय से कई प्लेटफार्म स्वयं ही अधिक सामग्री हटाने लगते हैं, जिससे संवाद की विविधता प्रभावित होती है। सूचना तक पहुँच की स्वतंत्रता सीमित होने से नवाचार और बौद्धिक विमर्श बाधित होता है। डिजिटल मंचों पर झूठी सूचनाओं, घृणा व द्वेष फैलाने वाली सामग्री का उन्मूलन आवश्यक है। उपयोगकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कुछ हद तक नियमन अपरिहार्य है। साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और फेक न्यूज को रोकने के लिए प्लेटफार्मों को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्लेटफार्मों को समुदायिक मानकों और निष्पक्ष नीतियों का पालन करना चाहिए ताकि विचारों की अभिव्यक्ति को बाधित किए बिना एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाया जा सके।

**संतुलन की आवश्यकताः मध्य मार्ग की खोज**

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी के मध्य संतुलन आवश्यक होता है। इसके लिएः संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ं) के तहत अभिव्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो। एक न्यायसंगत और पारदर्शी कंटेंट मॉडरेशन प्रणाली विकसित की जाए।ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों हेतु स्वतंत्र नियामक संस्था का गठन किया जाए। डिजिटल अधिकारों एवं दायित्वों की स्पष्ट व्याख्या हो।

तकनीकी विशेषज्ञों, नागरिक समाज, और विधायकों के बीच निरंतर संवाद सुनिश्चित किया जाए। डिजिटल प्लेटफार्मों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी अपील तंत्र विकसित किया जाए ताकि उपयोगकर्ता अपनी आपत्तियों को दर्ज कर सकें। कंटेंट मॉडरेशन और सेंसरशिप पर डेटा पारदर्शिता रिपोर्ट्स सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

**वैश्विक संदर्भ और भारत की स्थिति**

यूरोपीय संघ का "डिजिटल सर्विसेज एक्ट" एक आदर्श उदाहरण है, जो ऑनलाइन प्लेटफार्मों के लिए संतुलित दायित्व निर्धारित करता है। अमेरिका में "सेक्शन 230" प्लेटफार्मों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व के बीच संतुलन प्रदान करता है। भारत को एक ऐसा ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है, जो न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करे बल्कि डिजिटल सुरक्षा और जवाबदेही को भी सुनिश्चित करे। सरकार, न्यायपालिका, और नागरिक समाज के सहयोग से एक प्रभावी डिजिटल नीति विकसित करना आवश्यक है। सूचना के इस महासागर में, जहाँ विचार लहरों की भांति गतिशील हैं, वहाँ नियमन और स्वतंत्रता के संतुलन की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षा प्रदान करती है, किन्तु हालिया सरकारी हस्तक्षेप यह दशार्ते हैं कि इस सुरक्षा कवच को सीमित किया जा रहा है। यदि सरकार एक समावेशी और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाए, तो भारत का डिजिटल परिदृश्य एक स्वतंत्र, सुरक्षित और न्यायसंगत दिशा में अग्रसर हो सकता है।

डिजिटल भारत की शक्ति उसके नागरिकों की विचार अभिव्यक्ति में ही निहित है। यदि सरकार, डिजिटल मंच और समाज मिलकर एक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो यह तकनीकी युग लोकतंत्र की मूल भावना को सशक्त बना सकता है और भारत को वैश्विक डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना सकता है। यदि सरकार, डिजिटल मंच और समाज मिलकर एक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो भारत डिजिटल क्रांति में अग्रणी बन सकता है, जहाँ अभिव्यक्ति स्वतंत्र और सुरक्षित बनी रहेगी।

## कविता

**निश्चित ही जीतेंगे**

अगर जो जीतने की
प्यास है
निश्चित ही जीतेंगे
हमे है हौसला विश्वास
है
निश्चित ही जीतेंगे।

बलिदान हो गए सूरमा
आजाद भारत के लिए
यहां का स्वर्णिम
इतिहास है
निश्चित ही जीतेंगे।

ठान ले इंसान तो पर्वत
भी झुकता है
हमारी साधना अभ्यास
है
निश्चित ही जीतेंगे।

तुम अपनी बात रखने
से भला क्यों
हिचकिचाते हो
जब अंदाज हो बिंदास
तो
निश्चित ही जीतेंगे।

हिंद की फौज ने
दुश्मनों को सदा ही
धूल चटाई है
हमारे शत्रु का तय
विनाश है
निश्चित ही जीतेंगे।

ठान ले इंसान तो पर्वत
भी झुकता है
हमारी साधना अभ्यास
है
निश्चित ही जीतेंगे।

जहां जाते है दिल जीत
रिश्ते नए जोड़ लेते है
हमारे लहजे में मिठास
है
निश्चित ही जीतेंगे।

अम्न-ओ-चैन हो
विकास का विस्तार हो
विश्व में
हिंद का सनातनी प्रयास
है
निश्चित ही जीतेंगे।

तेजेश सिंह नेगी

## रोजगार का आधार और आर्थिक विकास का मूलमंत्र

**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

**हमारे देश** में हजारों सालों से परंपरागत स्वदेशी ज्ञान की अविरल धारा बहती आ रही है। हमारे पुरखों ने कृषि, औषधि, वास्तु, हस्तशिल्प, योग और पर्यावरण संतुलन जैसे विविध क्षेत्रों में अद्वितीय ज्ञान विकसित किया था, वह ज्ञान आज भी प्रासंगिक है। यदि मौजूदा संदर्भ में इन परंपराओं को पुनर्जीवित किया जाए तो इससे बेरोजगारी और आर्थिक संकट जैसी गंभीर समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है। स्वदेशी ज्ञान के जरिए हम आत्म निर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। भारत की परंपरागत तकनीकों में प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम और संतुलित उपयोग करने की गहरी समझ है। अतीत में यह ज्ञान न केवल हर व्यक्ति के लिए रोजगार के अवसर पैदा करता रहा है, बल्कि सतत विकास को भी सुनिश्चित करता आया है। इस ज्ञान को हासिल करने के लिए किसी स्कूल, कॉलेज या प्रशिक्षण संस्थान में नहीं जाना पड़ता। यह ज्ञान अपने गांव में या गांव के आसपास ही सहज रूप से मिल जाता है। स्वदेशी ज्ञान का अर्थ सीमित नहीं है बल्कि यह व्यापक रूप लिए हुए है। इसमें पारंपरिक कौशल के साथ-साथ पुरखों के अनुभवों का निचोड़ शामिल है जो लोगों को छोटी उम्र से ही विभिन्न काम-धंधों में हुनरमंद बना देता है। हमारे समाज में बर्तन निर्माण, खेती, भवन निर्माण, सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, चित्रकारी, मूर्ति निर्माण, आभूषण निर्माण, खाना बनाना, खिलौने बनाना, अचार-मुरब्बे बनाना, पारंपरिक औषधियों का निर्माण, वास्तु कला, और हस्तशिल्प जैसे उद्योग-धंधे परंपरागत ज्ञान से ही विकसित हुए हैं। हम सदियों से इस ज्ञान के माध्यम से जल से ऊर्जा उत्पादन कर आ रहे हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन भी इसी ज्ञान पर आधारित रहा है। प्राचीन समय में इसी ज्ञान पर आधारित काम-धंधों के बूते पर हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ थी। हमारा देश सोने की चिडिया कहलाता था। औपनिवेशिक शासकों और विदेशी आक्रांताओं ने न केवल हमारी धन सम्पदा को लूटा बल्कि हमारे कुटीर उद्योग भी खत्म कर दिए। आजादी के बाद स्वदेशी ज्ञान आधारित काम धंधों को पनपाने के लिए अपेक्षित काम नहीं किया गया, जिससे पारंपरिक काम धंधे खत्म हो रहे हैं। इसका परिणाम बढ़ती बेरोजगारी और लोगों की घटती आमदनी के रूप में सामने आ रहा है। एक ओर जहां आजादी के बाद हमने अपनी ज्ञान परंपराओं को बिसरा दिया, वहीं चीन ने अपने यहां की ऐसी ही परंपराओं के बल पर पांव पसारे और दुनिया की दूसरी बड़ी आर्थिक ताकत बन गया है। चीन ने जहां बढ़ती आबादी पर रोक लगाई वहीं अपने लोगों को पारंपरिक ज्ञान के आधार पर काम धंधों में जुटने के लिए प्रेरित किया। 1980 में चीन ने अपने बाजार दुनिया के लिए खोल कर आर्थिक सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। उस समय चीन की प्रति व्यक्ति आय 307 डॉलर और भारत की प्रति व्यक्ति 580 डॉलर थी। इसके विपरीत, भारत में अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि हुई।

## विचार

### भारत में गर्मी का जल्दी आना और लू का बढ़ना

डॉ. सत्यवान सौरभ

**बढ़ते** तापमान से कृषि, जल संकट, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। फरवरी में असामान्य रूप से अधिक गर्मी, रात के तापमान में वृद्धि, समुद्री तापमान का असर और शहरी हीट आइलैंड प्रभाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। इसका असर शिक्षा, श्रम उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।

भारत में लू की घटनाएँ जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से बढ़ रही हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है और यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसे लू के रूप में परिभाषित किया जाता है। 2024 में भारत ने 554 लू के दिन अनुभव किए, जबकि 2023 में यह संख्या 230 थी। यह वृद्धि कृषि, जल उपलब्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, जिससे तत्काल शमन उपायों की आवश्यकता है। फरवरी, जो आमतौर पर सर्दियों का महीना होता है, अब अत्यधिक गर्मी का अनुभव कर रहा है। ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र में फरवरी 2025 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा करता है। उदाहरणः फरवरी 2025 में मुंबई ने 38.7 डिग्री सेल्सियस का तापमान दर्ज किया, जो पांच वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का दिन था। इसने दैनिक जीवन को बाधित किया और गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि की। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार और तीव्र हीटवेव देखी जा रही हैं, जिससे जनसंख्या पर भारी दबाव पड़ रहा है। रात के तापमान में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सामान्य से 1त्उ अधिक रात का तापमान दर्ज किया गया, जबकि 22 राज्यों में 3त्उ-5त्उ की वृद्धि देखी गई। दिल्ली में 2024 में 74 वर्षों की सबसे गर्म फरवरी की रात दर्ज की गई, जिससे कमजोर वर्ग के लिए रिकवरी का समय कम हो गया। समुद्री हीटवेव अंतदेर्शीय तापमान को बढ़ाती हैं और मानसून के पैटर्न को प्रभावित करती हैं। 2023 में बंगाल की खाड़ी में समुद्री हीटवेव के कारण पूर्वी भारत में मानसून में देरी हुई और प्री-मानसून गर्मी बढ़ी। कंक्रीट संरचनाएँ, कम हरियाली और प्रदूषकों की उपस्थिति से शहरी क्षेत्रों में गर्मी अधिक रहती है। अप्रैल 2023 में अहमदाबाद के शहरी क्षेत्रों में तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से 3-4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। राज्यों के बीच समन्वय सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय अनुकूलन योजना में हीटवेव शमन को शामिल करना आवश्यक है। अहमदाबाद की हीट एक्शन प्लान (2013) हर साल 1190 मौतों को रोकने में मदद करता है। शहरी नियोजन में हरित इमारतों, निष्क्रिय शीतलन और गर्मी प्रतिरोधी सामग्रियों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। तेलंगाना की कूल रूफ नीति (2021) ताप-परावर्तक छतों को बढ़ावा देती है, जिससे इनडोर तापमान कम होता है। वृक्षारोपण, छत पर बागवानी और जल निकायों के संरक्षण से तापमान कम किया जा सकता है। दिल्ली की शहरी वन पहल ने कई हॉटस्पॉट में स्थानीय तापमान को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम किया। स्थानीय मौसम निगरानी, हीटवेव पूर्वानुमान और शहरी हीट आइलैंड मानचित्रण का विस्तार किया जाना चाहिए। कमजोर श्रमिकों के लिए हीट इंश्योरेंस, समायोजित कार्य घंटे और शीतलन आश्रय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। राजस्थान के हीट इंश्योरेंस पायलट (2023) ने अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को वित्तीय मुआवजा प्रदान किया। अत्यधिक गर्मी के कारण स्कूलों में गर्मी की छुट्टियाँ लंबी हो सकती हैं, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करना मुश्किल हो जाता है। कई स्कूलों में पर्याप्त शीतलन व्यवस्था नहीं होती, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। परीक्षा के समय लू पड़ने से छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। अत्यधिक गर्मी के कारण श्रमिकों की उत्पादकता में कमी आती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है साहित्य

**सुनील कुमार महला**

**कहते** हैं कि साहित्य ही समाज का असली दर्पण होता है। समाज में जो भी घटित होता है, मतलब कि समाज में जो भी गतिविधियां होतीं हैं, लेखक उनसे कहीं न कहीं प्रभावित होता है और वह अक्सर उन्हीं चीजों, घटनाओं, गतिविधियों को अपने साहित्य में अपनी कलम के माध्यम से कागज के कैनवास पर उतारता है और समाज को अपने विचारों के माध्यम से दशार्ता है। यह साहित्य ही होता है जो किसी भी समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक साहित्यकार समाज का अभिन अंग होता है और वह साहित्य की रचना भी समाज के माध्यम से ही करता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह साहित्यिक रचना ही होती है जो समाज के नवनिर्माण में पथप्रदर्शक की भूमिका निभाती है।कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि साहित्य अतीत से प्रेरणा लेता है, वर्तमान को चित्रित करने का कार्य करता है और भविष्य का मार्गदर्शन करता है। हाल ही में प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष 2024 के लिए 59 वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। श्री शुक्ल को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और विशिष्ट लेखन शैली के लिए भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वे हिंदी के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। श्री शुक्ल छत्तीसगढ़ के ऐसे पहले लेखक हैं, जिन्हें यह सम्मान मिलने जा रहा है। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म 1 जनवरी 1937 को भारत के राज्य छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव में हुआ और आज वे 88 वर्ष के हैं। उन्होंने प्राध्यापन को रोजगार के रूप में चुनकर पूरा ध्यान साहित्य सृजन में लगाया। गौरतलब है कि श्री शुक्ल ने उपन्यास एवं कविता विधाओं में खूब साहित्य सृजन किया है। वे स्वयं कहते हैं कि ' मैं बच्चों के लिए छोटा-छोटा लिखता हूं और मुझे आसान सा आधार मिल गया है कि मैं इस तरह के छोटे-छोटे काम करता रहूं।बच्चों के लिए लिखना मुझे बड़ा अच्छा लगता है।' कहना गलत नहीं होगा कि उनके लेखन में जहां एक ओर सरलता का प्रादुर्भाव है।

## पुस्तक चर्चा-दाढ़ी से बड़ी मूंछ

**विवेक रंजन**

"**दाढ़ी** से बड़ी मूँछ " किताब का शीर्षक ही सहज ध्यानाकर्षक है । हरिशंकर परसाई जी ने शीर्षक के बारे में कई महत्वपूर्ण व्यंग्यात्मक बातें लिखी हैं । परसाई लिखते है कि "विषय पर निबंध का शीर्षक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पाठकों को सामग्री के बारे में पहले से ही सूचित करता है और उनमें उत्सुकता पैदा करता है।" "शीर्षक निबंध, जिसके आधार पर पूरी पुस्तक का नामकरण किया गया है, आज के इस ज्वलन्त सत्य को उद्घाटित करता है कि सभी लोग किसी-न-किसी तरह शॉर्टकट के चक्कर में हैं" । प्रियदर्शी खैरा जी की कृति पर चर्चा करते हुये , परसाई जी को उधृत करने का आशय मात्र इतना है कि बढ़िया गेटअप , हास्य प्रमुदित करता , शीर्षक को परिभाषित करता आवरण चित्र और संग्रहित निबंधो को शार्टकट स्वरूप में ध्वनित करता शीर्षक "दाढ़ी से बड़ी मूँछ " पाठक को यह समझाने के लिये पर्याप्त है कि भीतर के पृष्ठों पर उसे हास्य सम्मिश्रित व्यंग्य पढ़ने मिलेगा। अनुक्रमणिका में "गजब की सकारात्मकता" , भक्त से भगवान, ट्रेन टिकट और चुनाव टिकट, चन्द्रमा का पृथ्वी भ्रमण , नेता, अफसर और देश , एक एंकर की उदय कथा , चमत्कार को नमस्कार है, अथ आत्मकथा माहात्म्य , टोटका-माहात्म्य , अथ चरण पादुका माहात्म्य , सचिवालय-महिमा पुराण, खादी और सपने, सब जल्दी में हैं, छेदी काका बनाम सुक्खन भैया , आयकर, सेवाकर और प्रोफेसर, त्रिया भाग्यम्, पुरुषस्य चरित्रम्, योग, संयोग और दुर्योग , पी पी पी मोड में श्मशान घाट, जैसे शीर्षक पढ़ने के बाद कोई भी पाठक जो व्यंग्य में दिलचस्पी रखता है किताब में रुचि लेने से स्वयं को रोक नहीं पायेगा । इन शीर्षकों से यह भी स्पष्ट होता है कि खैरा जी ने हिन्दी वांग्मय तथा साहित्य खूब पढ़ा है , और भीतर तक उससे प्रभावित हैं , तभी अनेक रचनाओं के शीर्षको में अथ कथा, महात्म्य , जैसे प्रयोग उन्होने किये हैं । ये रचनायें पढ़ने पर समझ आता है कि उन्होने विषय का पूरा निर्वाह सफलता से किया है ।पन्ने अलटते पलटते मेरी नजर "हींग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा होय" , एवरेस्ट पर ट्रैफिक जाम ,गजब की सकारात्मकता पर ठहर गई।

न्यूज फ्लैश

## गुरुकुल पहुंची रविन्द्र तोमर की नशे के खिलाफ बुग्गी यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जींद के ऐंचरा कलां गांव के पहलवान रविन्द्र तोमर देशभर में बुग्गी यात्रा के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं। बीते दिनों रविन्द्र तोमर हरियाणा के सीएम नायब सैनी से भी चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस में मिले और मुख्यमंत्री ने उनके अभियान की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपायी थी। आज रविन्द्र तोमर गुरुकुल कुरुक्षेत्र पहुंचे जहां पर गुजरात के राज्यपाल आचार्यश्री देवव्रत जी के दामाद, एनआईटी के वैज्ञानिक अधिकारी श्री योगवीर सिंह लाम्बा सहित गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने ओ३म् का पटका और शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया, साथ ही नशे के खिलाफ उनकी मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। रामनिवास आर्य ने बताया कि रविन्द्र तोमर आचार्यश्री देवव्रत जी द्वारा चलाए जा रहे मानव उत्थान एवं समाज कल्याण के कार्यों से बहुत प्रभावित हैं और किसान व किसानी को बचाने वाले उनके प्राकृतिक खेती मिशन से जुड़ना चाहते हैं। रविन्द्र तोमर का कहना है कि वे अपनी बुग्गी यात्रा को गुजरात के राजभवन तक लेकर जाएंगे और वहाँ आचार्यश्री का आशीर्वाद लेकर युवाओं में बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ तो मुहिम चलाएंगे ही साथ ही लोगों को आचार्यश्री के प्राकृतिक खेती मिशन से भी जोड़ेंगे क्योंकि यदि किसान कीटनाशक और रासायनिक खादों का इस्तेमाल यूंही करता रहा तो आने वाली पीढ़ियों को न तो पीने योग्य पानी मिलेगी और न फसल उगाने के लिए उपजाऊ जमीन। मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने आचार्यश्री के प्राकृतिक खेती मिशन को एक गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया और गुरुकुल के युवा ब्रह्मचारियों से जीवन में कभी नशा न करने और दूसरों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प कराया।

## भ्रष्टाचार के मामले में दो अधिकारी आमने-सामने



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में भ्रष्टाचार के मामले की जांच मं एसडीएम और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) आमने-सामने आ गए हैं। एसडीएम ने आरोप लगाया है कि एसीबी के दो अधिकारी उन पर एक फाइल पर जबरन साइन करने का दबाव बना रहे हैं। जालसाजी के मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि साइन कर देगा तो ठीक, वर्ना..। उधर एसीबी के एसपी ने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि झूठा आरोप तो कोई भी लगा सकता है। जांच में सब सामने आ जाएगा। एसडीएम ने पूरे दो पेज की शिकायत डीसी को भेजी है। इस शिकायत को डीसी ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के पास भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए करनाल के मंडलायुक्त राजीव रत्न को जांच सौंपी गई। मंडलायुक्त ने एसपी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है। 31 दिसंबर को एसीबी ने एसडीएम के रीडर अशोक कुमार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। आरोपी ने पैरोल रिहाई आदेश की कॉपी देने के बदले रिश्वत मांगी थी। टीम ने आरोपी से 3 हजार रुपए बरामद हुए थे, जबकि 1 हजार रुपए छुपा दिए थे। आरोपी अशोक कुमार कैथल जिले का रहने वाला है। वह करनाल के आरटीआई विभाग में तैनात रह चुका है।
इसी मामले की जांच एसीबी की इंस्पेक्टर सीमा को सौंपी गई थी। इंस्पेक्टर की ओर से मामले से जुड़े सभी लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे है। चूंकि रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा गया रीडर अशोक कुमार एसडीएम कार्यालय में ही तैनात था, इसलिए टीम ने एसडीएम से भी संपर्क साधा। बयान दर्ज

# एसडी पीजी कॉलेज में होगा तीन दिवसीय सांग महोत्सव का आयोजन

### दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.) पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति के प्रसार-प्रचार में प्रदेश की अग्रणी संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.) पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आने वाली 28, 29 और 30 मार्च को प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से तीन दिवसीय सॉन्ग महोत्सव का आयोजन होगा । इस कार्यक्रम में वेद प्रकाश अत्री तथा रामशरण सांगी एंड पार्टी अपने सांगों की प्रस्तुति देंगे । मंच संचालन गुलाब पांचाल तथा डॉ संतोष कुमारी करेंगे ।
यह जानकारी दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा और कॉलेज प्राचार्य डॉ



अनुपम अरोड़ा ने साझा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी और बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक एवं ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा गजेंद्र फोगाट मुख्य भूमिका निभाएंगे । कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत माननीय शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार महिपाल ढांडा करेंगे । पानीपत की नवनियुक्त मेयर श्रीमती कोमल सैनी, करनाल मेयर श्रीमती रेणु बाला गुप्ता, दुष्यंत भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष, गजेंद्र सलूजा अध्यक्ष करनाल लोकसभा निगरानी समिति एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पानीपत, राजेश कुमार प्रांत प्रचारक आरएसएस, दिनेश गोयल प्रधान एसडी कॉलेज प्रबंधकारिणी, धर्मवीर पाढ़ा प्रख्यात समाजसेवी, मनोज जगलान समाजसेवी, राजेश सिंगला समाजसेवी करनाल, राजेश शर्मा समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा नेता, श्रीमती मोना शर्मा, सतीश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे शोभा बढ़ाएंगे । महंत बेबी शर्मा किन्नर डेरा पानीपत और चेला महंत नैना संत परशुराम इस अवसर पर अपना आशीर्वाद देने कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचेंगे । कार्यक्रम संयोजक दिनेश जून ने बताया कि विशेष कमेटियां बनाकर कार्यक्रम की तैयारियां पुरजोर रूप से जारी है । प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी नरेंद्र गर्ग को सौंपी गई है । 28 मार्च को ह्यशकुन्तला दुष्यंतह्, 29 मार्च को ह्यखंडेराव परीह् और 30 मार्च को ह्यध्रुव भगतह् सांग की प्रस्तुति दी जायेगी ।
वीरेंद्र शर्मा अध्यक्ष दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट ने बताया कि हरियाणा कला परिषद् रोहतक मंडल और दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.) पानीपत हरियाणवी संस्कृति और इसकी धरोहरों को बढ़ावा देता है।

## मेयर शैलजा सचदेवा ने निगम के पार्क में बैठकर सुनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला की नई मेयर ने अभी कल ही शपथ ली है और आज दूसरा दिन भी बीत जाने के बाद निगम के अधिकारी उनके लिए निगम में एक कमरे का इंतजाम भी नहीं कर पाए। निगम अधिकारियों के इस सौतेले रवैये की हर तरफ निंदा हो रही है। वहीं आज भी निगम में कमरा न मिलने के बाद शैलजा सचदेवा ने पार्क में कुर्सियां व टेबल लगवाया और वहीं बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनना शुरू कर दिया। वहीं कल भी जब शपथ लेने के बाद मेयर शैलजा सचदेवा निगम कार्यालय पहुंची थी तो निगम के अधिकारियों ने मात्र खानापूर्ति के लिए उनका स्वागत किया और उसके बाद उनको एक कमरा तक अलॉट नहीं किया गया।
गौरतलब है कि नगर निगम में पूर्व मेयर शक्तिरानी शर्मा ने भी नगर निगम में राजनीति होने के आरोप लगाए थे।
उन्होंने कहा था कि विकास कार्यों को लेकर जानबूझ कर अड़चन डाली जा रही है। हालांकि इसके बाद विधानसभा चुनाव में शक्तिरानी शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया था।

## विधायक कादियान ने की गन्नौर में ट्रॉमा सेंटर बनाने की मांग

**गन्नौर: स्वास्थ्य** सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान गन्नौर में जीटी रोड पर ट्रॉमा सेंटर बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि करनाल से कुंडली तक कोई ट्रॉमा सेंटर नहीं है। विस अध्यक्ष खुद घरौंडा से आते हैं। समालखा, राई और सोनीपत के विधायक भी यहां मौजूद हैं। सोनीपत जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार से ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ रहा है। आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। गंभीर घायलों को रोहतक या दिल्ली ले जाना पड़ता है। कई बार मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं।

## महायज्ञ में पहुंचे में मंत्री गोयल, नागर, गौरव गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1008 जन कल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में शामिल होने हरियाणा सरकार में मंत्री विपुल गोयल, राजेश नागर, गौरव गौतम विशेष रूप से धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंचे। सभी ने दिव्य महाआरती में भाग लिया। यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी से आशीर्वाद लिया।
केबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि वातावरण की स्वच्छता के लिए यज्ञ जरूरी है। ऐसे आयोजनों से श्रद्धालुओं में जहां धर्म और अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ती है, वहीं वातावरण भी शुद्ध होता है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ऐसे



आयोजन का होना धर्मप्रेमियों में लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने हर घर यज्ञ, घर घर यज्ञ की मुहिम चलाने के लिए महायज्ञ आयोजन समिति को बधाई दी। खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि महायज्ञ और दिव्य महाआरती में शामिल होकर उन्हें अत्यधिक आनंद की अनुभूति हुई है। ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल सुधा भी मौजूद रहे। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी और विद्यार्थी भी हुए शामिल
महायज्ञ में शिक्षा विभाग के कई अधिकारी विद्यार्थी भी शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, खण्ड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, डीएमएस तरसेम कौशिक, अतुल शास्त्री, विजेंदर शर्मा सहित लगभग 500 से अधिक छात्राओं ने भी महायज्ञ में भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां डालीं, सत्संग प्रवचन में भाग लिया। बुधवार के दिन भी भारी संख्या में नारी शक्ति, बुजुर्गों और युवाओं ने भाग लेते हुए यजमान के रूप में मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में आहुतियां डाली। इतना ही नहीं 500 से अधिक छात्राओं ने एक साथ यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। इस मौके पर यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज ने सत्संग, प्रवचन करते हुए कहा कि यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है। वर्तमान में पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है।

## सूखी ड्रेन में गिरा सीमेंट से भरा ट्रक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गगसीना-मूनक रोड पर बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रहा एक ट्रक अचानक बेकाबू होकर सूखी ड्रेन में गिर गया। ट्रक में सीमेंट के कट्टे लदे हुए थे और उसमें ड्राइवर व क्लीनर सवार थे। हादसे के दौरान ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और दोनों सवारों को मामूली चोटें आई। रात करीब 10 बजे करनाल की ओर से आ रहा एक ट्रक गगसीना-मूनक रोड पर पहुंचा। अचानक ट्रक ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सूखी ड्रेन में गिर गया। ट्रक में बैठे ड्राइवर और क्लीनर कैबिन में ही फंस गए। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। हादसा होते ही मौके पर रामनिवास, रोशन, बलबीर सहित कई लोग एकत्र हो गए। उन्होंने बताया कि ट्रक गिरते ही बहुत तेज धमाका हुआ, जिससे सभी लोग घटनास्थल की ओर दौड़े।

## भगवा त्रिशुल यात्रा का सम्पूर्ण भारतवर्ष यात्रा के बाद होगी पूजा-पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि सनातन संस्कृति और आस्था को जीवंत बनाए रखने के संकल्प के साथ चल रही महासंगम यात्रा श्रद्धालुओ के साथ महाराज दयानन्द सरस्वति महाराज के सान्निध्य में कल से मुरथल आश्रम में होगी पूर्ण रूप से पूजा पाठ। इस दौरान महाराज दयानन्द सरस्वति महाराज ने बताया कि यात्रा के इस विशेष पड़ाव में शिवलिंग और



भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा का अभिषेक व 120 सिद्ध भगवान भोलेनाथ के त्रिशूलों की पूजा पाठ पूर्ण विधि विधान से किया जाता है इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाता है जिससे संपूर्ण वातावरण शिवमय हो जाता है व इस दौरान भक्तों की आस्था और उल्लास का नजारा देखने लायक था। इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि महासंगम यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और भारत के मंदिरों को आधुनिक युग के साथ जोड़ने का एक महान संकल्प है। यह यात्रा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रही है।
**महासंगम यात्रा का उद्देश्य:**
प्राचीन संस्कृति को आधुनिक युग से जोड़ना आज के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और डिजिटल युग में, सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं को नई तकनीकों के साथ जोड़ना समय की मांग है। महासंगम यात्रा का उद्देश्य प्राचीन मंदिरों और तीर्थ स्थलों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, डिजिटल बुकिंग सिस्टम और ऑनलाइन धार्मिक सेवाओं से जोड़ना है, जिससे श्रद्धालुओं को सरल और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। क्दढउ के नेतृत्व में यह यात्रा युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन रही है।

## आर्य बाल भारती स्कूल में महान साहित्यकार महादेवी वर्मा को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में महान कवयित्री एवं साहित्यकार महादेवी वर्मा की जयंती पर एक समारोह मनाया गयो कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य जगदीश चहल ने की कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ हुओ इस अवसर पर ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, अमर शहीद रणवीर आर्य, स्वामी ओमानंद और आचार्य बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने याद किया`यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी *हिन्दी में योगदान के लिए महादेवी हुई



आधुनिक युग की मीरा*
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपप्राचार्य जगदीश चहल ने कहा कि हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तम्भों में से एक महान साहित्यकार निबंधकार, रेखाचित्रकार और प्रख्यात हस्ती महादेवी वर्मा का हिंदी साहित्य में बहुत बड़ा योगदान रहा है हिंदी साहित्य में उनके महान योगदान के लिए उन्हें 'आधुनिक युग की मीरा' भी कहा गया है।

## हकेंवि में प्रोफेशनल कम्युनिकेशन स्किल्स पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेल द्वारा बुधवार से दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। प्रोफेशनल कम्युनिकेशन स्किल्स पर केंद्रित यह कार्यशाला विद्यार्थियों की संचार क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रो. पीजे फिलिप विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ का संचालन प्रो. पीजे फिलिप ने प्रतिभागियों को पेशेवर सेटिंग्स में संवाद सुधारने के लिए व्यावहारिक टिप्स प्रदान किए।

## अम्बेडकर के विचारों से लोगों को अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
सीपीआई के राजनीतिक अभियान के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप के नेतृत्व में सींक, छिछडाना, अलुपुर, लोहारी व सुताना में सीपीआई कार्यकर्ताओं ने पर्चे बांटे और शहीद ए आजम भगत सिंह एवं संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों से सैंकड़ों लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर कामरेड दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि शहीद भगत सिंह और उनके साथियों ने देश को अंग्रेजी साम्राज्यवाद से आजाद कराने के लिए अपने प्राणों व जीवन को राष्ट्र के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि शहीदों का



सपना था कि आजाद देश में हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, रोटी, कपड़ा, मकान उपलब्ध हो और सभी को शिक्षा एवं चिकित्सा एक समान मिले, लेकिन आजादी के 78 साल बाद भी शहीदों के सपनों का भारत नही बन पाया। सीपीआई के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने कहा कि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी ने देश को दुनिया का सबसे बेहतर संविधान दिया और शहीदों के सपनों को पूरा करने की दिशा में चलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा संविधान ही है जिसके चलते देश के पिछड़ों , दलितों, आदिवासीयों व शोषितों, और नौजवानों को रोजगार का अधिकार मिल सका । कामरेड पवन कुमार सैनी ने कहा कि आज की सरकार देश के पब्लिक सेक्टरों व सरकारी सम्पत्तियों को बडे.बडे. उद्योगपतियों को बेच रही है और समाज के हासिये पर खडे.लोगों को बेरोजगार करने पर तुली है।
कम्युनिस्ट नेताओं ने लोगों से अपील की कि 14 अप्रैल को बडे. पैमाने पर भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती हर्षोल्लास व धुमधाम से मनाएं। वीदित हो कि सीपीआई 23 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक देशव्यापी राजनीतिक अभियान चला रही है। आज के अभियान में सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, पवन कुमार सैनी एडवोकेट, हरपाल सिंह रंगा ,भूपेन्द्र कश्यप, रतन सिंह, कृष्ण लाल लोहारी, संजय तंवर आदि शामिल रहे।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के माध्यम से दी गई ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
जलेश्वर नाथ शरण, प्राचार्य, खादी ग्रामोद्योग विद्यालय, गांधी स्मारक निधि, स्वाध्याय आश्रम पट्टीकल्याण, समालखा की स्मृति में गठित फाउंडेशन ने सामाजिक कार्यों के लिए वर्ष 1997 में एक ट्रस्ट स्थापित किया था जिसमें बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण, जरूरत मंद लोगों की सहायता के साथ साथ ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप कैम्प, आई कैंप, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सिलाई मशीन एवं शारीरक रूप से अक्षम लोगों के लिए ट्राई साइकल वितरण आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
सुनीता शर्मा, को ऑर्डिनटोर ने जानकारी दी कि इसी कड़ी में




महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलंबी बनाने के लिए जलेश्वर नाथ शरण फाउंडेशन ने परशुराम धर्मशाला, संजय कालोनी पानीपत मे चार माह का टैलरिंग कटिंग कोर्स अनीता, प्रशिक्षक के देखरेख में संचालित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली अधिकतर लड़किया गरीब परिवार से हैं जिनके माता पिता रोजगार की तलाश मे उत्तर प्रदेश, बिहार आदि अन्य प्रांतों से पानीपत आकर बस गए और किसी न किसी फैक्ट्री मे कार्यरत हैं. इस अवसर पर समालखा की प्रसिद्ध समाज सेविका और गांधी

**संचालित किया**

**▶▶ संजय कालोनी पानीपत मे चार माह का टैलरिंग कटिंग कोर्स अनीता, प्रशिक्षक के देखरेख में संचालित किया**

स्मारक निधि पब्लिक स्कूल की निदेशिका कमलेश गुलाटी ने कहा की समाज में महिलाओं को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। शरण फाउंडेशन द्वारा युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण देना एक सराहनीय कार्य है जिससे वे स्वरोजगार तो प्राप्त कर ही सकती हैं और कहीं न कहीं उनको फैक्ट्री आदि में नौकरी भी मिल सकती है। नेहरू युवा केंद्र संगठन की जिला अधिकारी स्नेहलता ने प्रसन्नता जाहीर की इन परिशिक्षार्थियों में अधिकतर युवतियां है जिनको अपने भविष्य के सपनों को साकार करना है और शरण फाउंडेशन द्वारा संचालित सिलाई का कोर्स इसमे सहायक होगा। उन्होंने जानकारी दी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का गठन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न ट्रैड मे प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी परिशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अनीता, प्रशिक्षक ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार प्रकट किया।

## कुरुक्षेत्रा फायर सेफ्टी संस्थान ने दंत चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्रा फायर एंड सेफ्टी संस्थान में आनंद दांतों के अस्पताल के सहयोग से एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सरदार जसवंत सिंह जोशन न्यायाधीश कंज्यूमर कोर्ट करनाल ने किया व शिविर का आयोजन कर कुरुक्षेत्रा फायर सेफ्टी संस्थान की सराहना की व कहा इससे आमजन लोगों को बहुत लाभ मिलता है। शिविर में डॉक्टर सिमरन व उनकी टीम ने छात्रों के साथ-साथ आम जन लोगों के दांतों की जांच के साथ बताया कि हम कैसे




दांतों की देखभाल करें। मीठे का सेवन कम से कम करें। सुबह शाम दांतों को ब्रश करें व समय-समय पर चिकित्सक को दिखाएं ताकि आपके दांत ठीक रहे।
कैप्टन गुरमेल सिंह ने कहा कि संस्थान समय-समय पर रक्तदान कैंप, फायर सेफ्टी शिविर का आयोजन करता रहता है। निदेशक डॉ राजेंद्र सैनी ने शिविर में आए हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर सिमरन व सूबेदार मेजर रविंद्र कौशिक को संस्थान की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### एथलेटिक मीट का किया जाएगा आयोजन

**समालखा 26 मार्च ( कुलदीप सिंह ) :** समालखा जीटी रोड स्थित एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन मच्छरौली में 12 अप्रैल को एथलेटिक मीट का आयोजन किया जाएगा । जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें पुरुष वर्ग में 100 मीटर 400 मीटर व 1600 मीटर दौड़ तथा लॉन्ग जंप शामिल है और महिला वर्ग में 100 मीर 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ तथा लॉन्ग जंप शामिल है। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को इनाम दिया जाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लोकेश कुमार शर्मा ने दी

### भीख मांगने वाले पांच बच्चों का किया रेस्क्यू

**समालखा 26 मार्च ( कुलदीप सिंह )**
श्याम पटेला हरमिलापी को सर्वसम्मति के साथ हरमिलाप धर्मार्थ सभा का अध्यक्ष बनाया गया, इससे पहले डॉक्टर किशोरी लाल सचदेवा संस्था के अध्यक्ष थे, रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा में हर मिलापी परिवार की मीटिंग हुई, अप्रैल माह में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई, उसके उपरांत डॉक्टर किशोरी लाल सचदेवा ने श्याम पटेला को सभा का अध्यक्ष बनाने के लिए नाम आगे किया, जिसे पूरी सभा ने समर्थन कर दिया, और सर्वसम्मति से श्याम पटेला को सभा का अध्यक्ष बनाया गया, बजरंग सेवा मंडल के अध्यक्ष विनोद मल्होत्रा ने सभी सदस्यों के साथ मान सम्मान के प्रतीक पटके से नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान किया गया, उसके उपरांत गुरु की प्रतिमा के सामने पूरी टीम ने नमन किया, इस अवसर पर कवरभान पटेला, बलवंत राय, हरकेश वाधवा पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा ब्रह्मेश सकुजा राजीव संजीव महेश इत्यादि उपस्थित थे

### सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर बगथला में नवीन संकल्प शिविर का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा बगथला में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इस नवीन संकल्प शिविर में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने बताया कि आज बगथला के नवीन संकल्प शिविर में 59 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 10 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविर में 11 लोगों की समस्याओं का समाधान और छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

# रिफाइंड तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर सख्त कानून जरूरी: जिन्दल

## सांसद ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड पदार्थों के स्वास्थ्य पर प्रभावों को लेकर एक व्हाईट पेपर जारी करने की मांग की

**मुद्दा उठाया**

**▶▶ सांसद ने संसद में रिफाइंड सीड्स तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों का मुद्दा उठाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** सांसद नवीन जिन्दल ने आज संसद में रिफाइंड सीड्स तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सख्त नियमों, पारदर्शिता, और उपभोक्ता जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि जनता को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले।सांसद नवीन जिन्दल ने इकोनोमिक सर्वे 2024-25 का हवाला देते हुए कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और चीनी की बढ़ती खपत भारत के नागरिकों के लिए गंभीर खतरा है। खाद्य पदार्थों में से, बार-बार किए गए रिफाइनिंग प्रोसेस के कारण पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और हानिकारक ट्रांस फैट उत्पन्न होते हैं, जिससे हृदय रोग, डायबिटीज और मोटापा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन खाद्य उत्पादों में अत्यधिक कैमिकल प्रिसरवेटिव, और हानिकारक फैट होते हैं, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देते हैं। उन्होंने संसद में अपनी बात रखते हुए कहा कि उपभोक्ता अक्सर भ्रामक पैकेजिंग और लेबलिंग के कारण यह समझ ही नहीं पाते कि वे क्या खा रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल ने सरकार से आग्रह किया कि खाद्य उत्पादों पर स्पष्ट लेबलिंग की जाए कि उनको किस प्रकार रिफाइंड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड करके बनाया जाता है। उन्होंने सरकार से रिफाइंड तेल और अल्ट्रा प्रोसेस्ड पदार्थों के स्वास्थ्य पर प्रभावों को लेकर एक व्हाईट पेपर जारी करने की मांग की, ताकि इस विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गहन अध्ययन हो सके।सांसद नवीन जिन्दल ने पारंपरिक और कोल्ड-प्रेस्ड तेलों, प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर नवीन जिन्दल ने कहा कि ह्यविकसित भारतह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकार से उपभोक्ताओं को छिपे हुए स्वास्थ्य खतरों से बचाने और एक प्रभावी खाद्य नियामक ढांचा तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की।उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अपने जन-संपर्क कार्यक्रमों के दौरान लोगों को रिफाइंड और प्रोसेस्ड फूड से दूर रहने का आह्वान करते नजर आते हैं और इसके साथ-साथ संतुलित खानपान अपनाने के लिए लोगों का मार्गदर्शन भी करते हैं।

# उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करके जिले का परचम लहराया




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, हरियाणा,गुरुग्राम मे निदेशक संवर्तक सिंह एचसीएस के मार्गदर्शन एवं उपनिदेशक सरोज दहिया एवं उपनिदेशक वीरेंद्र नारा की अध्यक्षता में परिषद के शैक्षिक तकनीकी विभाग द्वारा चलाए गए 21वीं सदी के कौशल कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले टॉप 50 प्रतिभागियों एवं डाइट के जिला मेंटर्स को सम्मानित करने हेतु राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र जिले ने अपना परचम लहराया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने गत वर्ष नवंबर 2025 से 21वीं सदी के कौशल नाम से एक ऑनलाइन कोर्स की शुरूआत की जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आने आने वाली चुनौतियों के लिए शिक्षकों को तैयार करना था । इस में पूरे हरियाणा राज्य से 1517 शिक्षकों और अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपना पंजीकरण करवा जिनमें से 1428 प्रतिभागियों ने इस कोर्स को पूरा किया।
इस कड़ी में आज एससीईआरटी गुड़गांव में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के टॉप 50 प्रतिभागियों एवं डाइट के मेंटर को सम्मानित किया गया।

**उपलब्धि**

**▶▶ पूरे हरियाणा राज्य से 1517 शिक्षकों और अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपना पंजीकरण करवाया**

# पानीपत शहर में इलेक्ट्रिक बसे चलाने हेतु विधायक ने विधानसभा में रखी मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने पानीपत में और अधिक संख्या मे इलेक्ट्रिक बसे चलाने की मांग रखी जिसपर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि पुराने बस स्टैंड, पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो निमार्णाधीन है जोकि जुलाई - 2025 तक इसके तैयार होने की संभावना है। डिपो के तैयार होने के बाद, शेष सभी 45 इलेक्ट्रिक बसें संचालित कर दी जाएंगी। विज आज चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में लगाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इसके अलावा,विधायक प्रमोद विज द्वारा पानीपत शहर में मेट्रो सिटी से आए थ्री व्हीलर पॉल्यूशन और ट्रैफिक जाम का कारण बन रहे हैं और सदन में अनुरोध किया गया कि उन थ्री व्हीलर्स को इंपाउंड किया जाए जो 10 वर्ष पुराने हो गए हैं और गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध करवाकर इलेक्ट्रिक थ्री व्हीकल खरीदने में सहायता दी जाए। इस पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने आश्वासन देते हुए बताया कि नियमों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डीएवी स्कूल में हवन यज्ञ व ऋषि लंगर का आयोजन हुआ

**आहुतियां**

**▶▶ स्वास्थ्य एवं दीर्घायु हेतु यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुतियां डाली और परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** डी ए वी पब्लिक स्कूल मे डी ए वी प्रधान पद्मश्री डॉ पूनम सूरी के जन्म दिवस पर हुआ हवन यज्ञ व ऋषि लंगर का आयोजन डी ए वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल अम्बाला शहर के प्रांगण मे प्रथम दिन शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ डॉ पूनम सूरी प्रधान डी ए वी कॉलेज प्रबंधक समिति एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के 77वें जन्म दिवस पर शुभकामना एवं आशीर्वाद देने हेतु आयोजित किया गया। इस यज्ञ में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी व समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु हेतु यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुतियां डाली और परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ आर आर सूरी ने कहा कि पद्मश्री अलंकृत व आर्य रत्न डॉ पूनम सूरी जी एक अदित्वीय प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के स्वामी है। जिन्होंने अपने परिश्रम एवं अनवरत प्रयासों से डी ए वी संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। महात्मा आनंद स्वामी के प्रख्यात पौत्र डॉ पूनम सूरी के नेतृत्व मे डी ए वी शैक्षिक कार्यक्रम को नए आयाम दिये गए है। उनके नेतृत्व मे आर्य युवा समाज ने देश की अनेक समस्याएं कन्या भ्रूण हत्या, भ्ष्टाचार व दहेज प्रथा के उन्मूलन पर अनेक कार्यक्रम शुरू किये गए है। इनके प्रयासो से छात्रों के चरित्र रुपी नीव मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चरित्र निर्माण शिवरों का समय समय पर आयोजन किया जाता है। द्वितीय दिवस पर प्रधान जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ऋषि लंगर का आयोजन किया गया। विद्यालय के जूनियर विंग के बाहर ऋषि लंगर लगाया गया ताकि आने-जाने वाले सभी जन ऋषि लंगर का प्रसाद ले सकें, साथ ही विद्यालय के समस्त अध्यापक, स्टाफ व प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों ने ऋषि लंगर प्राप्त किया व सभी ने सर्वशक्तिमान प्रभु से प्रार्थना की कि हमारे प्रधान जी दीघार्यु हो, उनका स्वास्थ्य उत्तम रहें ताकि उनके मार्गदर्शन मे हम अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा व लगन से निभा सकें।

# सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में यूकेजी कक्षा का परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल में यूकेजी कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंच संचालन करते समय वंशिका शर्मा ने सभी अभिभावकों का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लिटल कैम्पस इंटरनैशनल स्कूल के एम.डी. पंकज अरोड़ा थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के सम्मुख




दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। पंकज अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी के लिए यह गर्व का क्षण है` आज का दिन सभी बच्चो के लिए खास है क्योंकि उन्होंने पुरे वर्ष जो मेहनत की है उसका नतीजा है की वो अब अगली कक्षा में प्रमोट हो गए है उन्होंने इस अवसर पर सभी अभिभावकों और बच्चों का स्कूल के वार्षिक समारोह में स्वागत किया । स्चोल्ल की डायरेक्टर रंजना शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सम्पूर्ण शिक्षा एक्टीवीटी बेसड और तकनीकी पर आधारित है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय हमेशा तत्पर है। इसके पश्चात यूकेजी के विदयार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें उपस्थित जनसमूह का 'मन मोह लिया। तत्पश्चात विद्यालय के मुख्य, अध्यापक विपिन कुमार, मुख्य अतिथि व डायरैक्टर रंजना शर्मा ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

**कार्यक्रम प्रस्तुत**

**▶▶ यूकेजी के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें उपस्थित जनसमूह का 'मन मोह लिया**

# जल का बुद्धिमानी और कुशलतापूर्वक उपयोग करना जरूरी: डॉ. वीरेन्द्र पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन समारोह मिजार्पुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने स्वयंसेवकों के समन्वय और सहयोग की सराहना की और कैंसर जागरूकता, जल संरक्षण और रासायनिक उर्वरकों के अति प्रयोग पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का अर्थ है




जल का बुद्धिमानी से और कुशलतापूर्वक उपयोग करना ताकि उसका दुरुपयोग और बबादी को रोका जा सके, जिससे भविष्य में जल की कमी से बचा जा सके. समापन दिवस की शुरूआत योग सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने नृत्य, काव्य पाठ और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यौन उत्पीडन, कैंसर जागरुकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर संदेश दिया।

## पानीपत में शादी के नाम पर ठगी

**पानीपत।** पानीपत में रहने वाले एक युवक की दुल्हन शादी के छह दिन बाद ही फुर्र हो गई । उसे शादी नाम पर ठग लिया गया। हाउसिंग बोर्ड सेक्टर छह निवासी सुनील की शादी भी हुई थी, लेकिन दुल्हन शादी के महज 6 दिन बाद ही अपने कथित भाई के साथ घर चली गई थी। काफी कोशिशों के बाद भी जब दुल्हन पक्ष व बिचौलिए से संपर्क नहीं हुआ, तो दूल्हे सुनील ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में सुनील कुमार ने बताया कि वह हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर छह का रहने वाला है।

# अष्टकोशी परिक्रमा करने से मिलती है पितरो को मुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, सेक्टर 8, कुरुक्षेत्र में जिला अध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह गोल्डी की अध्यक्षता में चैत्र कृष्ण चतुदर्शी , 28 मार्च 2025 को अष्टकोशी (24 किलोमीटर की) परिक्रमा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। येमीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाईस चेयरमैन धुमन्न सिंह किरमच ने कहा कि यह परिक्रमा आदिकाल से चलती आ रही है, लेकिन बीच में कुछ कालखंड में इस यात्रा पर जाने वाले साधु संत कम संख्या में रहे।लेकिन फिर भी यह वर्षों से चल रही है इस वर्ष इसको अच्छी योजना



बनाकर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के मार्गदर्शन में इसका आयोजन किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता कर रहे तेजिंदर सिंह गोल्डी ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि सभी भाजपा कार्यकर्त्ता इस परिक्रमा में शामिल हों। उन्होंने कहा इस परिक्रमा करने से पूर्वजों को मोक्ष होता है और अक्षय लाभ की प्राप्ति होती है।
इसलिए सभी कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में यह परिक्रमा करनी चाहिए। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य डॉक्टर ऋषिपाल मथाना व अशोक रोशा ने परिक्रमा स्थलों की जानकारी दी और बताया कि यह यात्रा नाभिकमल मंदिर थानेसर से शुरू होकर चिटा मंदिर रंतुक यक्ष पीपली से होती हुई गांव दयालपुर, मिजार्पुर व नरकातारी से होकर शाम को नाभी कमल तीर्थ, दर्रा खेडा, मे ही संपन्न होगी , यात्रा का प्रारंभ चैत्र कृष्ण चतुदर्शी, 28 मार्च को सुबह 4:30 बजे होगा।

**बैठक**

**▶▶ गोल्डी की अध्यक्षता में चैत्र कृष्ण चतुदर्शी , 28 मार्च को अष्टकोशी परिक्रमा को लेकर एक बैठक हुई**

# नकली नोट देने के बहाने ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने नकली नोट देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधडी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नकली नोट देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधडी करने के आरोप में शैंकी वासी अमलोहा संजीव कुमार उर्फ रिंकू वासी महमदपुर व राहुल वासी गुदियानी जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकरी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 25 मार्च को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में पीएसआई प्रमोद कुमार,सहायक उप निरीक्षक राम कुमार, मुख्य




सिपाही महेश कुमार व सिपाही विकास कुमार की टीम बराडा चौंक शाहबाद पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि शैंकी वासी अमलोहा संजीव कुमार उर्फ रिंकू वासी महमदपुर व राहुल वासी गुदियानी जिला यमुनानगर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर काफी समय से लोगों को डबल पैसे करने का झांसा देकर पैसे ऐठ लेते हैं। आरोपी अपने हाथ की दस्तकारी से भोले-भाले लोगो को नकली नोट बनाने का नाटक दिखाकर नोट प्रयोग करने के लिये के लोगों को दे देते हैं। आज भी आरोपी कार नंबर सीएच-01-सीई-1353 मे अनाज मंडी शाहाबाद के गेट पर ठगी करने के लिए खड़े है यदि उनको काबू किया जाये तो उनसे नकली नोट बनाने का सामान भी बरामद हो सकता है। सूचना पर पुलिस टीम ने एक डिकॉय भेजा तथा खुद अनाज मंडी शाहाबाद के गेट पर पहुंचकर निगरानी शुरू की। सूचना और डिकॉय के इशारे पर पुलिस टीम ने अनाज मंडी शाहाबाद के गेट पहुंचकर कार नंबर सीएच-01-सीई-1353 मे सवार तीन नौजवान लड़कों को काबू किया। पुलिस टीम के पूछने पर उन्होंने अपना नाम शैंकी वासी अमलोहा संजीव कुमार उर्फ रिंकू वासी महमदपुर व राहुल वासी गुदियानी जिला यमुनानगर बताया। पुलिस द्वारा आरोपियों और उनकी कार की तलाशी लेने पर उनके पास से नकली नोट बनाने का सामान बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ थाना शाहबाद मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-2 के सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**काबू किया**

**▶▶ जिला पुलिस ने नकली नोट देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधडी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है**

# प्रवेश उत्सव रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रवेश उत्सव का किया शभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज रा. व. मा. विद्यालय अमीन में विनोद कौशिक जिला शिक्षा अधिकारी ने कुरुक्षेत्र का प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या श्रीमती कमल बत्तरा द्?वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विनोद कौशिक ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रयास शुरू किए गए है। शिक्षा विभाग ने शून्य डॉप आउट व नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। इस लक्ष्य को सामहिक प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होने प्रवेश



उत्सव रथ' को हरी झंडी देकर अमीन में प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। प्रवेश उत्सव रथ का मुख्य उद्?देश्य गाँव में लोगों को सरकारी विद्यालयों के प्रति प्रेरित करना, विभाग की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना और सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन करना है। अंत में इंदू कौशिक जी ने श्री विनोद कौशिक जी का धन्यवाद किया और अध्यापकों को निर्देश दिया कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम करें। इस अवसर पर गौरव जैलदार, सरपंच, सुभाष चौहान, बाबु राम, एस.एम.सी. अध्यक्ष, ममता, अर्चना एस- सम. सी. सदस्य व सभी अध्यापक गण उपस्थित रहें।

# प्रशासन की रचनात्मक और सर्जनात्मक छवि का नागरिकों को मिल रहा सीधा लाभ: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जन हित को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अनूठी पहल जनता समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का तत्परता से समाधान हो रहा है। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये समाधान शिविर उत्तम व लाभदायी साबित हो रहे हैं। आम व्यक्ति की नजर में प्रशासन की छवि रचनात्मक व सर्जनात्मक बनी है जिससे आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से हो रहा है। प्रशासन की बेहतर छवि की बदौलत यह समाधान शिविर



आम जन की समस्याओं के समाधान का वाहक बनता जा रहा है। हमें अपने पर गर्व है कि हम लोगों की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि सचिवालय में रोजाना लगने वाले समाधान शिविर से जिले के आम नागरिक में नई चेतना का संचार हुआ है।

अधिकारियों के रूचि लेने से इस बड़ी जिम्मेदारी में अधिकारी जीत हासिल करते जा रह हैं। जिस प्रकार की भूमिका समाधान शिविर में अधिकारी निभा रहे हैं उससे आम जन में राष्ट्रीयता की भावना में और बढ़ोतरी हुई है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन सफल व सार्थक करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सब

**समन्वय**

**▶▶ वे समन्वय स्थापित करके समस्याओं का समाधान करें व इसमें बेहतर सहयोगी बनने का प्रयास करें**

योग्य अधिकारियों के कठिन परिश्रम से सम्भव हो रहा है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर जिस प्रकार से कार्य हो रहा है। यह सब चुनौतीपूर्ण जरूर था लेकिन समस्याओं को हल करके उनपर जीत हासिल करके अधिकारियों ने अपनी योग्यता का बेहतर प्रदर्शन किया है।

अधिकारियों के कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता का लाभ हर वर्ग के सैकड़ों लोगों को रोजाना मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का जिस प्रकार से कायाकल्प हो रहा है। उससे विभाग के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। पुलिस विभाग के सम्बंध में जो भी समस्याएं प्रार्थियों द्वारा रोजाना दी जा रही है। उनका समाधान अधिकारी अपनी सुझबुझ से कर रहे हैं। धीरे-धीरे विभाग से सम्बंधित शिकायतों की संख्या में कमी आ रही है। उन्होंने थाना अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे समन्वय स्थापित करके समस्याओं का समाधान करें व इसमें बेहतर सहयोगी बनने का प्रयास करें।

# अवैध माईनिंग का कार्य करने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्यवाही: उपायुक्त

**निर्देश**

**▶▶ उपायुक्त ने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा एफआईआर करने व चालन करने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स (माईनिंग) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिले में अवैध माईनिंग पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए और प्रयास करने होंगे। जो लोग अवैध माईनिंग का कार्य कर रहे हैं उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा एफआईआर करने व चालन करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अवैध माईनिंग का कार्य करने वाले अपराध की श्रेणी में आते हैं। उन्हें किसी भी तरह से बक्शा नही जाएगा। उपायुक्त ने इस कार्य में और गति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।
पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध माईनिंग को रोकने के लिए जो टीमें गठित की गई हैं। उन्हें सावधानी पूर्वक निगरानी बरतनी चाहिए। जहां-जहां अवैध माईनिंग की सम्भावनाएं नजर आती है तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 17 शिकायतें माईनिंग को लेकर प्राप्त हुई हैं। इन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम ब्रहमप्रकाश, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना आशिष वशिष्टद्द ,डीएसपी सुरेश सैनी, आरटीओ नीरज, माईनिंग अधिकारी निरंजन सिंह ,सैल टैक्स आफिसर पुनीत शर्मा, अकाउंटेंट अरविंद कुमारी ,वन रेज आफिसर जय किशन,एसएचओ सलेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर में बेरी उद्योग के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 18 साल के लडके की जान चली गई। मृतक साइकिल से जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर उसकी मौत हो गई। पुलिस फरार ड्राइवर की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार अमित सेक्टर-3 में एक चाय की टपरी पर काम करता था और रोज की तरह अपनी साइकिल से सेक्टर-4 की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बेरी उद्योग के सामने पहुंचा, एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। अमित सडक पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।
स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। करनाल की मंगल कालोनी के रहने वाले अमित के पिता धर्मपाल ने बताया कि अमित उनके परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। वह चाय की टपरी पर काम कर परिवार के लिए रोजी-रोटी जुटाता था। सिटी थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि हादसे के बाद अज्ञात ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से ट्रक और चालक की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को पकड़ लिया जाएगा।

### सड़क हादसे में घायल हुए युवक की 6 दिन बाद मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ओवरस्पीड कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल 21 वर्षीय युवक 6 दिन बाद मौत हो गई, जो परिवार का इकलौता बेटा था। परिजन उसे इलाज के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। हालांकि परिवार उसे चंडीगढ़ न ले जाकर करनाल के एक निजी अस्पताल में ले गया, लेकिन वहां भी हालत बिगड़ती गई। आखिरकार आज इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हरीश निवासी डबरी गांव के तौर पर हुई है। डबरी गांव के रहने वाले हरीश के पिता विनोद कुमार ने बताया कि 20 मार्च को उनके भांजे ने फोन कर हादसे की सूचना दी थी। जब वे अस्पताल पहुंचे तो हरीश खून से लथपथ हालत में था। कल्पना चावला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया, जिसके बाद परिवार ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। फिर आदेश अस्पताल ले जाया गयाए जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पिता विनोद कुमार ने बताया कि हरीश वाईफाई इंटरनेट का काम करता था और घर में कमाने वाला अकेला सदस्य था। वे खुद भी बीमार रहते हैं, ऐसे में हरीश ही परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहा था। उसकी दो बड़ी बहनें हैं और वह परिवार का इकलौता बेटा था। हादसे के दिन वह जुंडला में काम करने गया था और करनाल की तरफ से आ रही कार ने सामने से टक्कर मार दी।
जांच अधिकारी भरत भूषण ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# नकली बीज और कीटनाशक बनाने वालों की खैर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिले के मडलौडा, बापौली और समालखा के बीज और कीटनाशक एवम उर्वरक से सभी संबंधित डीलरों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कृषि विभाग के उप निदेशक डॉक्टर आत्मा राम गोदारा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक में उप निदेशक ने पानीपत जिले के सभी संबधित डीलरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने स्टॉक रजिस्टर का सही तरीके से रख-रखाव करें, ताकि किसी भी समय स्टॉक की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके और सभी किसानो को कोई भी इनपुट खरीदने पर पक्का बिल दिया जा सके। डीलरों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे अपने



लाइसेंस को सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं और संबंधित अधिकारियों को उनके व्यवसाय की वैधता का प्रमाण उपलब्ध हो सके। उप निदेशक, कृषि द्वारा दिए गए निर्देशों की समीक्षा विभाग के अधिकारियो द्वारा की जाएगी और पालन की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा।

बैठक में डीलरों को कड़ी चेतावनी दी गई कि किसी भी स्थिति में इन निर्देशों की अनदेखी नहीं की जाएगी।
उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ देवेंदर कुहाड़ ने बताया कि हरियाणा में नकली या मिलावटी बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। संशोधित कानून के तहत नकली बीज और कीटनाशक बनाने वाली कंपनी और विक्रेता दोनों के खिलाफ कड़े प्रावधान किये हैं। नकली बीज और कीटनाशक बनाने वाली कंपनी के मालिक को दोष साबित होने पर एक से तीन साल तक की कैद और पांच लाख रुपये तक जुमार्ना होगा। कानून बनने के बाद अगर कोई बीज और कीटनाशक निमार्ता कंपनी दोषी पाई गई तो जिम्मेदार व्यक्ति को दो साल तक कैद और तीन लाख रुपये तक जुमार्ना होगा। यदि कंपनी दोबारा दोषी पाई गई तो तीन साल तक सजा और पांच लाख रुपये तक जुमार्ना लगेगा। कृषि उप निदेशक ने सभी डीलरो का कहा हैं कि वे इन निर्देशों का पालन करें।

# शिक्षा विभाग सत्र में शुरू करेगा हरियाणा मैथ ओलंपियाड: डीइओ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा अधिकारी, अंबाला सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय "मिशन बुनियाद" कार्यक्रम का राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक, विद्यालय अम्बाला शहर में सफल आयोजन करवाया गया। जिसमें उपायुक्त महोदय अम्बाला अजय सिंह तोमर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सुबह 8 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक जिले के समस्त खंडों से आये हुए सभी विद्यार्थियों का परीक्षा पंजीकरण किया गया फिर विद्यालय में बनाये गए परीक्षा केंद्र में बच्चों की सुबह 09:30 बजे से लेकर 10:30 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही दोपहर बाद सुपर-100 की परीक्षा का आयोजन किया गया। मंच पर लगायी गयी स्क्रीन के माध्यम से बच्चों के साथ आये हुए सभी स्कूल मुखियाओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करवाया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसके माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लग गए व सभी के चेहरों पर मुस्कान झलक पड़ी। मिशन बुनियाद का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को देश की सबसे बड़ी अकादमिक परीक्षा नीट, जेईई के लिए तैयारी करवाकर सम्बंधित परीक्षा को उत्तीर्ण करवाना व समाज में सकारात्मक माहौल बनाना है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों में मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला छावनी में आज विभिन्न मांगों को लेकर हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेलिकल वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन किया और सरकार को जमकर कोसा। इस दौरान कर्मचारियों का कहना था कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता के नाम परिमंडल अभियंता को ज्ञापन सौंपा और कहा कि कर्मचारियों की 24 सूत्रीय मांगों का समाधान किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले काफी समय से वह अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार की तरफ से कोई समाधान नहीं निकल रहा है। कई बार संगठन की तरफ से अपनी मांगों संबंधी ज्ञापन भी सौंपे जा चुके हैं।

# मंडी में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता: एसडीएम आशीष

**व्यवस्था**

**▶▶ 1 अप्रैल से मंडियो में गेहूं की आवक का कार्य शुरू हो जाएगा। बिजली ,सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
इसराना उपमंडल अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने बुधवार को इसराना की नई अनाज मंडी का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया व अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए



उन्होंने अधिकारियों को मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की निर्देश दिए व कहा कि किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की 1 अप्रैल से मंडियो में गेहूं की आवक का कार्य शुरू हो जाएगा। मंडियों में शौचालय, पानी, बिजली ,सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले।

# दोस्त से ली बैंक किट, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मां के इलाज के नाम पर अपने दोस्त से उसके बैंक अकाउंट की किट लेकर अशोक नगर के एक युवक द्वारा फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित युवक की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रेमजीत सिंह उर्फ प्रेम पुत्र रणधीर सिंह निवासी शास्त्री नगर फतेहाबाद हाल नजदीक अरोड़वंश धर्मशाला फतेहाबाद के रूप में हुई है इस बारे पुलिस को दी शिकायत में योग नगर फतेहाबाद निवासी सौरभ ने कहा है कि उसका हांसपुर रोड पर पर्ल नाम से होटल है और उसका इंडसइंड बैंक में खाता है।

# पॉक्सो एक्ट व कौशल विकास विषय पर हुआ व्याख्यान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का छठा दिन का आयोजन कौशल विकास और प्रेरणदायिक फिल्म ह्यश्रीकांतह्व पर केंद्रित था। शिविर में "यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय के अंतर्गत प्रातःकालीन स्तर में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक फिल्म 'श्रीकांत' की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। साथ ही सायंकालीन सत्र में बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट व स्किल डेवलपमेंट जैसे गंभीर विषयों पर जागरूक करने के लिए विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वास्तुकुल इनोवैशन




अकादेमी के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कुमार व कम्यूनिटी स्ट्रैटीजिस्ट प्रदीप कुमार ने और साथ ही एमडीडी इंडिया फाउंडेशन के जिला प्रबंधक संजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा को सफलतापूर्वक चल रहे शिविर के लिए बधाई दी और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा की इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। सायंकालीन सत्र में स्टार्टअप व कौशल विकास पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें वास्तुकुल अकादेमी से कम्युनिटी स्ट्रेटेजिस्ट प्रदीप कुमार व धर्मेन्द्र कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि वास्तुकुल भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एक स्टार्टअप पहल है, जो आर्किटेक्चर और योजना शिक्षा पर केंद्रित है और छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षण और कौशल विकास का मंच प्रदान करता है। प्रदीप कुमार ने स्वयंसेवकों को स्वरोजगार शुरू करने और अपने कौशल को निखारने के विषय में मार्गदर्शन दिया।

# जीयू में पहुंची जिम्बाब्वे की राजदूत, शैक्षणिक सांझेदारी पर की चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
गीता यूनिवर्सिटी में पहुंची जिम्बाब्वे की राजदूत स्टेला एनकोमो ने कहा की दोनों देशों के बीच शैक्षणिक सांझेदारी से छात्रों के लिए शौध और शिक्षण के क्षेत्र में नए रास्ते खुलेंगे। इस यात्रा को उन्होंने दोनों देशों व गीता यूनिवर्सिटी के लिए मिल का पत्थर बताया। जीयू में पहुंचने पर प्रो चांसलर निशांत बंसल, प्रो चांसलर अंकुश बंसल, कुलपति डॉ विकास सिंह, पीवीसी डॉ गुलशन चौहान व एडमिशन व मार्केटिंग विभाग के अंतराष्ट्रीय निदेशक डॉ अजीत निगदू ने जोरदार स्वागत किया।
जिम्बाब्वे की राजदूत स्टेला एनकोमो ने यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात कर अपने अनुभव साँझा किए और छात्रों को मार्गदर्शन किया।

# देश को विकसित बनाने में उद्यमियों का अहम योगदान-मंत्री राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के उद्योग, पर्यावरण एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा देश की तीसरी अर्थवयस्था बनाने में उधमियों के साथ लोगों का अहम योगदान होगा। उद्यमी आयात को बढ़ाते हुए देश को आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण निभाए, उद्योग मंत्री बधुवार को किंगफिशर पर्यटन स्थल अंबाला शहर में लघु उद्योग भारती द्वारा उतर श्रेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने संबोधन में




कही। इस मौके पर उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष विनोग बंसल व अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला को पर्यावरण का प्रतीक पौधा व स्मति चिंह भेटकर उनका अभिनंदन किया।

# शहर से हर हाल मे हटाया जायेगा अवैध अतिक्रमण: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिला सडक सुरक्षा कमेटी व सुरक्षित वाहन पॉलिसी की बैठक का आयोजन बुधवार को जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में किया गया। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजारों में अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। जहां पर पुलिस की आवश्यकता है मांग करें लेकिन शहर में कही भी अवैध अतिक्रमण नजर नहीं आना चाहिये। जहां जहां लाईटे नहीं हैं वहां लाईटों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें व शहर को साफ सुथरा करना



सुनिश्चित करें। बैठक में शिक्षा विभाग, यूएचबीवीएन,एनएचएआई,एनएफएल, हैल्थ,वन विभाग ,सिंचाई विभाग,एचएसआईडीसी क अलावा दर्जन से ज्यादा विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र को चिन्हित कर अंकुश लगाने का प्रयास करें। एनएच-44 की रोड वाईडिंग को जल्द से जल्द सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने सिवाह के पास नहर के साथ रेलिंग लगाने को लेकर भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने एनएच-709 पर बरसाती नालों को यथाशीघ दुरूस्त व साफ करने के भी निर्देश दिये।

उपायुक्त ने रेलवे रोड के नजदीक बिशन रूवरूप कॉलोनी में सडक की स्थिति को सुधारने व मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएच-44 पर लगे कैमरों की स्थिति जानी व आमजन को जागरूक करने को लेकर साईन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए।
उपायुक्त ने जाम की स्थिति से निपटने के लिए हन्नु स्वीट्द्दस बरसत रोड़ के समाने फलाईओवर पर चढने हेतु कट खोलने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने बाबरपुर मण्डी अण्डरपास से एल्डिको स्टेट-वन तक सेफ्द्दटी बैरिकेड लगाने को लेकर भी सुझाव मांगे। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि दस साल पुराने डीजल वाहन व 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को सीज किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसे अपना घर का कार्य समझकर करें। उन्होंने स्पीड ब्रेकरों के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि सिस्टम बनाकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की स्थिति से निपटने को लेकर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने न्यू टोईंग वैन , हाईड्रोलिक वेन व किराए पर लेने वाली वैन के बारे में भी स्थिति जानी। उपायुक्त ने मण्डियों की साफ-सफाई करने, सडकों व लाईटो की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराना सरकार की प्राथमिकताः सूद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का संकल्प पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।



दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों पर यूनिफॉर्म, किताबें और अन्य लेखन सामग्री खरीदने के लिए दबाव डालने और छात्रों से पैसे वसूलने की शिकायत मिलने पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सभी निजी स्कूलों को सख्त चेतावनी दी। मंत्री ने बताया कि छात्रों और उनके माता-पिता से मिली शिकायतों को देखते हुए दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने 24 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी के सभी प्राइवेट स्कूलों को सख्त आदेश जारी किया है। जिसके मुताबिक शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत ईडब्ल्यूएस और अन्य छात्रों यूनिफॉर्म, किताबें और सभी अध्ययन सामग्री को तयशुदा वेंडर से जबरदस्ती खरीदने के लिए निजी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं। आशीष सूद ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों को निर्देश इसलिए जारी करना पड़ा क्योंकि दिल्ली सरकार को छात्रों से यूनिफॉर्म और किताबें किसी विशेष दुकानदार से खरीदने के लिए बाध्य करने की

**शिक्षा मंत्री ने कहा...**

- छात्रों को यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं प्राइवेट स्कूल: आशीष सूद
- निजी स्कूलों की मनमानी की शिकायत मिलने पर शिक्षा मंत्री ने खुद संज्ञान लेकर दिए निर्देश
- दिल्ली शिक्षा निदेशालय को जांच करने के बाद कार्रवाई करने का दिया आदेश

कई शिकायतें मिल रही थी। कई निजी स्कूल बच्चों को जरूरी सामान देने के लिए अभिभावकों से पैसे की भी मांग कर रहे हैं, जबकि ऐसी हर गतिविधि को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान हैं।

छात्रों को वर्दी, किताबें और जरूरी सामग्री की शिकायत मिलने पर शिक्षा निदेशालय ने निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है और स्कूलों को साफ चेतावनी दे दी गई है कि कानून का पालन नहीं करने पर दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, नियम 1973 और बीएनएस के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय को सभी जिला और क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों को गाइडलाइंस की निगरानी के साथ ही अभिभावकों द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत का तुरंत समाधान करने का भी निर्देश दिया गया है।

साथ ही कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दिशा-निर्देशों को प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया है।

अभिवावकों को शिकायत दर्ज करवाने के लिए एक मनीष जैन उप शिक्षा निदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर- 9818154069 भी जारी किया है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार हर बच्चे को उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

# ऑपरेटर की संख्या बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव विधानसभा में पेश

**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने बुधवार को सदन में विधायकों के साथ कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर की संख्या दो से बढ़ाकर चार करने और उनका वेतन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत कुशल श्रेणी के अनुसार बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया।

सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि अभी विधायकों को दो डाटा एंट्री ऑपरेटर रखने की व्यवस्था है और उन्हें 15-15 हजार रुपये वेतन मिलते हैं। हर विधानसभा में जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। एक विधायक को स्थानीय लोगों का काम करने के लिए कम से कम चार डाटा एंट्री ऑपरेटर देने और इसका वेतन कुशल श्रेणी के अनुसार बढ़ाने की मांग सदन में उठाई। भाजपा विधायक अभय कुमार वर्मा, तरविंदर मारवाह, कुलवंत राणा इस प्रस्ताव का समर्थन किया। इस प्रस्ताव पर आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने सहमति दी। उन्होंने कहा कि डाटा एंट्री ऑपरेटर्स की सैलरी बढ़नी चाहिए। हमने पिछले सदन में भी इसे लेकर आवाज उठाई थी। ये लोग कुशल श्रेणी के होते हैं और इसके अनुसार इनका वेतन 26 हजार से ज्यादा होना चाहिए। हमारी विधानसभा में ही चार लाख से ज्यादा है और काम के लिए ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। इसलिए हम चाहते हैं कि इनकी संख्या दो से बढ़ाकर चार किया जाए। आआपा विधायक विशेष रवि, अनिल झा ने भी डाटा एंट्री ऑपरेटर की संख्या दो से बढ़ाकर चार करने और उनका वेतन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत कुशल श्रेणी के अनुसार बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन किया है।

# सफियाबादः आर के इंटरनेशनल स्कूल में भव्य स्नातक समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के सबसे नामचीन और प्रतिष्ठित स्कूलों में शुमार नरेला के सफियाबाद रोड स्थित आर. के.इंटरनेशनल स्कूल में प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों के लिए स्नातक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्रों के अभिभावक भी शामिल हुए। हर आयु वर्ग में मानवजाति को बढ़ावा देने के लिए हौसले की जरूरत होती है, यह हौसला छोटे बच्चों को उनके अभिभावक अध्यापक ही दे सकते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए स्कूल ने बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक प्रस्तुतियां दीं। स्कूल







निदेशक सुनीता शर्मा ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाइयां दी और उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुई। इस दौरान बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्री-प्राइमरी स्नातकों ने अपने अनुभव साझा किए, अपनी शिक्षा और विकास पर विचार किया। उनके शब्दों ने उपस्थित सभी लोगों के दिलों को छू लिया, जिससे युवा छात्रों और अभिभावकों को समान रूप से प्रेरणा मिली। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें एक नाटक, नृत्य, समूहगान, कविताएँ और अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिससे कार्यक्रम में और अधिक उत्साह और आनंद बढ़ गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी विंग के छात्रों को स्नातक उपाधियां प्रदान की गईं, जिससे वे अगली कक्षा में कदम रखने के लिए और अधिक प्रेरित हुए।

बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए स्कूल निदेशक सुनिता शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

हमारी आकांक्षाएं ऊंची हैं, हमें पूरा भरोसा है कि हमारे छात्र आसमान छू लेंगे। हम एक ऐसी सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अकादमिक उत्कृष्टता और चरित्र विकास को बढ़ावा देती है।

स्कूल प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने इस मौके पर सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हमेशा स्कूल के साथ सहयोग बनाए रखा। समारोह का समापन जोश और उमंग से भरा रहा, जहां बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों और उनकी मासूम मुस्कानों ने सभी के मन में एक यादगार छाप छोड़ी। कार्यक्रम में सभी स्कूल शिक्षक, स्टाफ और अभिभावक शामिल रहे।

# 27 वर्षों में सबसे बेहतरीन रेखा सरकार का शिक्षा बजटः अजयवीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता में शिक्षा सर्वोपरि है। कुल बजट का 19 प्रतिशत यानी 19291 करोड़ की उल्लेखनीय राशि शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित कर यह सुनिश्चित किया गया है कि आने वाला वर्ष शिक्षा विभाग के लिए एक वरदान साबित होगा। इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण घोषणाओं में से एक है 60 नए सीएमश्री स्कूलों की स्थापना, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में ठोस और दूरगामी परिणाम आने की उम्मीद है। हालांकि यह याद



रखना भी आवश्यक है कि वर्ष 2015 में पूर्ववर्ती सरकार ने 54 विद्यालयों को 'पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उनका नवीनीकरण किया, जिन पर प्रति विद्यालय 14 से 20 करोड़ रुपये तक का भारी भरकम बजट खर्च हुआ। लेकिन दस वर्षों के बाद भी उन स्कूलों में कोई उल्लेखनीय नवाचार या प्रगति नहीं हो सकी। जिससे यह व्यय व्यर्थ सिद्ध हुआ। इस दृष्टि से सीएमश्री स्कूल योजना पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा स्थापित प्रतिभा विकास विद्यालयों की तर्ज पर एक मील का पत्थर बन सकती है। इसी प्रकार विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के लिए भी अनेक सराहनीय योजनाओं की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को स्कूल शिक्षा में सेवा और संस्कार जैसे मूल्यों के समावेश के साथ लागू करने का प्रयास स्वागतयोग्य है। यह पहल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर। बल्कि समग्र चरित्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। युवा संसद जैसे आयोजन पूर्ववत जारी रहेंगेए जो छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करेंगे। शिक्षक संघ ने रेखा गुप्ता का जताया आभारः जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने विशेष रूप से उल्लेख करते हुए बताया कि बजट से पहले मुख्यमंत्री ने शिक्षक संघ को परामर्श हेतु आमंत्रित किया था और उनके सुझाव मांगे थे।

# भलस्वा के सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी यशवंत यादव ने जीता गोल्ड






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के भलस्वा गांव के निवासी होनहार सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी यशवंत यादव नें भारतीय टीम के प्रतिनिधित्व में गोल्ड मेडल जीतकर न केवल दिल्ली बल्कि देश का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि से दिल्ली भर में सॉफ्ट टेनिस खिलाडियों के साथ-साथ खेल जगत में खुशी का माहौल है। यशवंत के घर पर बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है। देश के हर कोने से उन्हें सोशल मीडिया और निजी तौर पर शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला जारी है। इतना ही नहीं टीम इवेंट में भी उन्हें कांस्य ब्रोंज मेडल मिला है।

उल्लेखनीय है किमिक्स्ड डबल इवेंट में प्रथम साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप जिसमें सात देशों भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, भूटान बाग्लादेश की टीमों ने भाग लिया था। इनमें भारतीय टीम पहले स्थान पर रही।

दूसरे स्थान पर नेपाल जबकि तीसरे स्थान पर श्रीलंका की टीम रही। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नॉएडा में 23 से 26 मार्च तक आयोजित की गई।

# हाई कोर्ट ने 5 अप्रैल को होने वाले चुनाव पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के 05 अप्रैल को होने वाले चुनाव पर रोक लगा दिया है। हाईकोर्ट ने निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक चुनाव की कोई घोषणा नहीं करें। मामले की अगली सुनवाई 04 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने साकेत कोर्ट ने प्रिंसिपल एंड डिस्ट्रिक्ट जज मधु जैन को निर्देश दिया कि वो चुनाव से संबंधित शिकायतं पर 01 अप्रैल तक रिपोर्ट दाखिल करें। याचिका चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार ने दायर किया है। याचिका में चुनाव रद्द करने को चुनौती देते हुए कहा गया है कि ऐसा कुप्रबंधन की वजह से हुआ। याचिका में साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव हाईकोर्ट के किसी पूर्व जज की निगरानी में कराने का आदेश देने की मांग की गई है। साकेत कोर्ट में 21 मार्च को मतदान के दौरान वकीलों ने निवार्ची अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बैलट बॉक्स तोड़ दिया था जिसके बाद चुनाव निरस्त कर दिया गया। यही हाल कड़कड़डूमा कोर्ट का भी रहा। वहां भी निवार्ची अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगने क बाद कुछ वकील ईवीएम लेकर भागे। उसके बाद चुनाव निरस्त कर दिया गया। बतादें कि दिल्ली हाई कोर्ट समेत सभी अदालतों में बार एसोसिएशन का चुनाव 21 मार्च को आयोजित किया गया।

# देवेन्द्र यादव ने संगठन मजबूती और जीत की रणनीति के लिए की बैठक

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के लिए रणनीति तय करने हेतू एक महत्वपूर्ण बैठक ली। दिल्ली कांग्रेस चुनाव आयोग से मांग करती है कि दिल्ली नगर निगम उपचुनाव जल्द से जल्द कराए जाए क्योंकि दिल्ली की जनता को प्रतिदिन की समस्याओं को सुलझाने के लिए निगम पार्षदों से सम्पर्क करना होता है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 12 निगम पार्षद चुनाव जीतने के बाद 12 वार्ड रिक्त हो गए है और उन पर उपचुनाव होना है। इन वार्डों पर उपचुनाव में कांग्रेस संगठन की मजबूत स्थिति बनाने के लिए





बैठक में निगम उपचुनावों के लिए कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा दिल्ली के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज व प्रदेश प्रशासनिक अधिकारी जतिन शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, मौहम्मद उस्मान, हर्ष चौधरी, जे.पी. पंवार, नीतू वर्मा, राजेश गर्ग, प्रवीण कुमार, चन्द्रकांत गिरी और चरणजीत राय मौजूद थे। जिनके साथ दिल्ली नगर निगम उप चुनाव पर चर्चा हुई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सत्ता हथियाने के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार नूरा कुश्ती के कारण पिछले दो वर्षों से निगम का कामकाज ठप्प पड़ा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इनके आपसी संघर्ष को उजागर करने के लिए लोगों के बीच सच्चाई को बताना होगा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की नियमित लड़ाई ने शहर के सभी विकास कार्य ठप्प कर दिए है।

उन्होंने कहा कि समय परिवर्तन को देखते हुए निगम वार्डों पर मजबूत उम्मीदवारों के साथ जीत का लक्ष्य साधकर काम करने की जरुरत है। निगम वार्ड का चुनाव छोटा होता है और विधानसभा में भाजपा की जीत के बाद भी लोग कांग्रेस की चर्चा करते है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सिर्फ मजबूत से अपना पक्ष रखने की जरुरत है, हम उपचुनाव में जीत दर्ज करा सकते है।

# सफाई अभियान के साथ-साथ निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने लगाया जनता दरबार









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर आठ से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर कितना सजग है इस बात का अंदाजा तो इस बात से लग जाता है कि वह समय-समय पर अपने वार्ड में निरंतर रूप से सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र व क्षेत्र वासियों को एक साफ व स्वच्छ माहौल देना चाहते है, जिसके लिए वह हमेशा से ही प्रयासरत रहे है। इसी कडी में लोगों को ही रही जल भराव की समस्या का निस्तारण करते हुए क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर पार्ट दो की गलियों में बनी हुई नालियों पर रखे हुए बडे-बडे पत्थरों के चक्कर में नालियों में गाद भरा होने के चलते नालियां ओवर फलों रहती थी और जल भराव हो जाता था, जिसके निवारण के लिए निगम के रख रखाव विभाग द्वारा पत्थरों को हटाया गया व नालियों से गाद निकालकर सफाई करवाई गई।

वहीं दूसरी और निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने अपने कार्यालय में जनता दरबार भी लगाया। इस दौरान क्षेत्र के काफी लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं पार्षद राठौर के सामने रखी। राठौर ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उसके निस्तारण के लिए आश्वासन भी दिया। इस मौके पर पार्षद राठौर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्या के समाधान के लिए मैं हमेशा ही तत्पर रहता हूं और मेरे क्षेत्र के लोगों ने मुझपर जो विश्वास दिखाते हुए चुना है मैं उस विश्वास पर खरा उतरने को भरसक प्रयासरत रहता हूं।

# टीबी, एचआईवी और वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रमों में बढ़ाएं समन्वय : रविंद्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** यूपी राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (यूपीसैक्स) के अपर परियोजना निदेशक रविंद्र कुमार ने कहा कि टीबी, एचआईवी और वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रमों में समन्वय बहुत जरूरी है। प्रदेश ने 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में पूरे देश में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसी तरह अगर हम सब समन्वय बनाकर काम करें तो टीबी के साथ एचआईवी को भी काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। अपर परियोजना निदेशक यूपीसैक्स और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को



एक होटल में दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिला क्षय अधिकारी (डीटीओ) प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार ने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों में टीबी का जोखिम अधिक होता है, जिससे समय पर इलाज न मिलने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। एनएसीपी-5 के तहत नए संक्रमण और एड्स से मृत्यु दर को 80 प्रतिशत तक कम करना हमारा लक्ष्य है, जिसे प्रभावी

**जांच**

**वहां आने वाले मरीजों की टीबी, एचआईवी और वायरल हेपेटाइटिस की जांच सुनिश्चित की जाए**

रणनीति और जमीनी कार्यान्वयन से हासिल किया जा सकता है। स्टेट टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने सभी डीटीओ को संबोधित करते हुए कहा कि 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में उत्तर प्रदेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, इसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिलना हम सब की जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। अब हमें उन कमियों पर काम करना है जो छूट गई थीं। हमारा लक्ष्य 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाना है और इसे साकार करने के लिए हर स्तर पर प्रभावी प्रयास जरूरी हैं। इसी दिशा में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण कदम है। स्टेट सर्विलांस अफसर एवं संचारी रोग नोडल डॉ. विकासेंदु अग्रवाल ने कहा कि जिलास्तर पर जब भी स्वास्थ्य कैंप आयोजित हों तो वहां आने वाले मरीजों की टीबी, एचआईवी और वायरल हेपेटाइटिस की जांच सुनिश्चित की जाए।

# प्रदर्शनी के माध्यम से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मथुरा जिला प्रशासन द्वारा ग्रोथ इंजन थीम पर पांचजन्य प्रेक्षाग्रह में 25 से 27 मार्च तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मथुरा जिले के सभी विभाग जैसे नगर निगम, यातायात विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, तथा अन्य विभागों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उनके वर्तमान स्तर एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी स्टालों के माध्यम से दी। प्रदर्शनी मेले में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा भी नगर निगम




स्तर से दी जाने वाले सुविधाओं एवं सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हेतु स्टॉल प्रदर्शनी लगायी गयी है। पिछले 8 वर्षों में नगर विकास विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किए गए कार्यों की बुकलेट वितरित की गई। मेले में आने वाले आगन्तुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दिये जाने हेतु होर्डिंग स्टेण्डी बोर्ड लगाये गये हैं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने आगंतुकों को स्वच्छ सर्वेक्षण, डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, कूड़ा पृथक्करण, उसके पुनः उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की।

## संक्षिप्त खबरें

### सेलर्स के लिए अमेजन का बड़ा कदम, : 1.2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस

**पानीपत।** अमेजन इंडिया ने आज देश भर में अमेजन डॉट इन पर बिक्री करने वाले लाखों छोटे व्यवसायों की मदद के लिए सेलर्स फीस में अपनी अब तक की सबसे बड़ी कटौती की घोषणा की। अमेजन डॉट इन पर सेलर्स की वृद्धि को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपनी ने ?300 से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर से रेफरल फीस पूरी तरह हटाने (जीरो रेफेरल फीस) का प्रावधान किया है। रेफरल फीस एक तरह का कमीशन है, जो सेलर्स बेचे गए हर प्रोडक्ट के लिए अमेजन को देते हैं। शून्य रेफरल फीस का यह प्रावधान 135 से अधिक प्रोडक्ट कटेगोरिएस पर लागू होगा।

अमेजन ने ईजी शिप और सेलर फ्लेक्स जैसे वाह्य फुलफिलमेंट चैनलों का उपयोग करने वाले सेलर्स के लिए सरलीकृत फ्लैट दर भी पेश किया है, जिसमें राष्ट्रीय शिपिंग दरें अब रु 77 से कम होकर रु 65 से शुरू होती हैं। ईजी शिप एक फुलफिलमेंट चैनल है जिसके तहत अमेजन सेलर्स के स्थान से पैकेज इकट्ठा करती है और उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाता है। अमेजन सेलर फ्लेक्स के अंग के रूप में, सेलर्स के गोदाम के एक हिस्से को अमेजन फुलफिलमेंट सेंटर के रूप में प्रबंधित करती है। अमेजन इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के निदेशक, अमित नंदा ने कहा, "अमेजन इंडिया में, हम सभी सेलर्स को आगे बढ़ने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारी सफलता उनकी सफलता में निहित है। हम करोड़ों प्रोडक्ट्स पर रेफरल फीस को समाप्त कर और शिपिंग लागत को कम कर सेलर्स के लिए अमेजन डॉट इन पर बिक्री को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। यह पहल अमेजन पर सेलर्स की वृद्धि का समर्थन करती है, जिससे उन्हें व्यापक चयन प्रदान करने और ग्राहकों को अधिक प्रतिस्पर्धी ऑफर पेश करने में सक्षम बनाया जाता है, खासकर रोजमर्रा की कम कीमत वाली वस्तुओं पर। अपने परिचालन में दक्षता हासिल करने के साहत साथ-साथ हम सुनिश्चित करते हैं कि वे लाभ हमारे सेलर्स और ग्राहकों तक पहुंचें।"

### परिमैच पर फिर लौट आया है फेस्टिवल ऑफ विनिंग्स

**गुड़गांव:** साल का सबसे बड़ा क्रिकेट इवेंट, इंडियन टी20 लीग, शुरू हो चुका है और परिमैच इसे दुनियाभर के फैंस के साथ सेलिब्रेट कर रहा है। लगातार तीसरे साल, परिमैच लेकर आया है फेस्टिवल ऑफ विनिंग्स ग्रैंड टूर्नामेंट, जो इस बार पहले से भी बड़ा और धमाकेदार होने वाला है। जबरदस्त सेलिब्रेशन, एक्सक्लूसिव ऑफर्स और शानदार प्राइजेस इस क्रिकेट सीजन को यादगार बना देंगे और ग्रैंड टूर्नामेंट में हर हफ्ते जीत का मौका है।इस




जबरदस्त जीत का त्यौहार ग्रैंड टूर्नामेंट में कुल 5.8 करोड़ रुपए के प्राइजेस शामिल किए गए हैं, जिसमें दो हाई-स्पीड पोर्श कैयेन कारें भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 22 मार्च से शुरू हो चुका है, जो कि 25 मई, 2025 तक चलेगा और इसमें 2 राउंड होंगे। शामिल होने के लिए परिमैच पर लॉग इन करें, लॉयल्टी हब में 'जॉइन टूर्नामेंट' बटन पर क्लिक करें, और इंडियन टी20 लीग पर 10 रुपए या उससे ज्यादा की एक भविष्यवाणी करें।ग्रैंड प्राइज के अलावा हर राउंड के बाद टॉप परफॉर्मर्स को धमाकेदार प्राइजेस मिलेंगे। इनमें तनिष्क ज्वेलरी सर्टिफिकेट, मैरियट बोनवॉय का प्रीमियम होटल मेंबरशिप, डायसन के लग्जरी प्रोडक्ट्स और एप्पल के लेटेस्ट गैजेट्स, जैसे- नया आईफोन 16 प्रो, एयरपॉड्स मैक्स, आईपैड प्रो मैजिक कीबोर्ड और एप्पल पेंसिल के साथ शामिल हैं। क्रिकेट फैंस के लिए भी खास सरप्राइज परिमैच ब्रांड एंबेसडर निकोलस पूरन के साइन किए हुए बैट, जर्सी और बॉल वाली स्पेशल किट जीतने का मौका है।इसके अलावा, गुच्ची और लुई वुइटन के कुल 13 लाख के गिफ्ट सर्टिफिकेट, गोल्ड कॉइन, गोल्ड बार, कैश प्राइज और परिमैच लॉयल्टी हब के लिए साइबर कॉइन्स भी जीत सकते हैं। साथ ही नए यूजर्स को खास वेलकम बोनस दिया जा रहा है। सिर्फ 200 रुपए से आप अपने पसंदीदा टीम को सपोर्ट कर सकते हैं और इंडियन टी20 मैचों के दौरान 50 हजार रुपए के बोनस के साथ दो 150 रुपए के फ्रीबेट्स जीतने का मौका पा सकते हैं। परिमैच के 'फेस्टिवल ऑफ विनिंग्स ग्रैंड टूर्नामेंट' में हर दिन के 50 सबसे एक्टिव टॉप प्लेयर्स को गारंटीड कैश प्राइज दिए जाते हैं। परिमैच लॉयल्टी हब स्पेशल उन स्पोर्ट्स और गेमिंग लवर्स के लिए है, जो मौज-मस्ती के साथ शानदार रिवॉर्ड्स भी पाना चाहते हैं।

# रुपए, मोबाइल लूट की घटना में पुलिस ने मोबाइल बरामद किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा डिमांड पर लाकर अभियुक्त की निशादेही पर लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है। अभियुक्त की निशानदेही पर मथुरा सौंख जाने वाली सडक पर गांव अड्डा कट के पास झाड़ियों से लूटा गया मोबाइल ओपो को बरामद किया गया। मोहित कुमार वार्ष्णेय पुत्र चन्दन लाल निवासी सेही थाना शेरगढ़ मथुरा के अपने मित्र के साथ थाना मगोर्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भदार में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आये थे, तभी रास्ते में ग्राम भदार के पास आवेदक की मोटरसाईकिल खराब हो गयी, तभी अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके व उसके मित्र के दो मोबाइल फोन व 1500 रुपए लूट लिये। इस संबंध में पीड़ित द्वारा 25 फरवरी को थाना मगोर्रा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस टीम द्वारा लूटे हुए माल व बदमाशों की तलाशी शुरू की गई। 26 फरवरी को एक बदमाश राहुल को लूटे गये माल, लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल, अवैध असलाह व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया था।

# मथुरा में 23 साल पहले लगना शुरू हुआ नव वर्ष मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि गौरवशाली परम्परा, एवं स्वाभिमान का प्रतीक भारतीय नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला समिति, मथुरा गत 23 वर्षों से परम्परागत रूप से विशाल नववर्ष मेला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी यह एक दिवसीय विशाल मेला चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 तदनुसार 30 मार्च की पूर्व संध्या पर चौत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2081 तदनुसार 29 मार्च दिन शनिवार को नववर्ष मेला समिति, मथुरा द्वारा नव आकर्षण, नवसज्जा तथा नवउत्साह के साथ



सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज, मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ सम्प्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ठ अतिथि बेबी रानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास, उत्तर प्रदेष सरकार होंगी। 2081 तदनुसार 29 मार्च 2025 दिन शनिवार को भूमि पूजन एवं हवन के साथ मध्यान्ह एक बजे से सेठ बीएन पौद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। रंगोली प्रतियोगिता सायं 5 बजे और विभिन्न मंचीय प्रतियोगिताएं सायं 5.30 बजे से होंगी। नववर्ष समारोह रात्रि 8 बजे से दीप प्रज्जवलन से शुरू होगा।

**ये होंगे कार्यक्रम**

इस दिन का विशेष आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत रात्रि 9.15 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें हास्य कवि महेन्द्र अजनबी, पार्थ नवीन, वीर रस कवि मनवीर मधुर, डा. कुमार मनोज, अजय अंजाम मौजूद रहे।

# अमेजन फ्रेश भारत के छोटे शहरों में पहुंचा रहा है गुणवत्तापूर्ण किराने का सामान, अब 170 से अधिक शहरों में दे रहा है सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल ।** अमेजन इंडिया ने अपनी फुल-बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के देश के 170 से ज्यादा शहरों एवं कस्बों में पहुंचने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में अमेजन फ्रेश ने साल-दर-साल आधार पर शानदार 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इस तेज विस्तार के साथ अमेजन फ्रेश अमेजन .इन पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश गीले और सूखे किराने के सामान की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है, जिसमें फल, सब्ज़ियां, दूध और ब्रेड सहित डेयरी, फ्रोजन उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, बेबी केयर के जुड़े सामान, पर्सनल केयर प्रोडक्ट और पेट सप्लाई शामिल है। ग्राहकों को शानदार बचत, विशाल संग्रह और स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ इस सेवा का उद्देश्य खरीदारी का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। ग्राहकों को ताजे और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें, इसके लिए अमेजन फ्रेश विक्रेता 11,000 से ज्यादा किसानों से फल और सब्ज़ियां खरीदते हैं। सभी उत्पाद ग्राहकों के घर तक पहुंचने से पहले ह्व4-चरण वाली बेहद कठिन गुणवत्ता जाँचह्व प्रक्रिया से गुजरते हैं। गुणवत्ता के प्रति अमेजन की इसी प्रतिबद्धता के कारण अधिक संख्या में ग्राहक इसके साथ जुड़ रहे हैं। यहां ग्राहकों को शानदार बचत, विशाल संग्रह और विश्वसनीय डिलीवरी का लाभ मिलता है।अमेजन फ्रेश इंडिया के डायरेक्टर श्रीकांत श्री राम ने कहा, "170 से ज्यादा शहरों/कस्बों में हमारे विस्तार से अमेजन फ्रेश को भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों/कस्बों और उससे आगे भी अपनी पहुंच बढ़ाने का मौका मिला है। अमेजन फ्रेश के इस विस्तार से किफायती कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता वाला किराने का सामान ग्राहकों को आसानी से उनके घर पर प्राप्त हो रहा है। 2023 की दूसरी छमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में हमने 50प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है।

# सड़क किनारे लगा परशुराम का बोर्ड तोड़ा

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर की सड़क किनारे लगा परशुराम का बोर्ड अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया जिससे गांव के लोगो मे आक्रोश पनप गया।बोर्ड तोड़ने की सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 पर दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और बोर्ड तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर कार्यवाही का भरोसा दिया। नौहझील क्षेत्र के ब्राह्मण बहुल गांव सकतपुर की मुख्य सड़क किनारे परशुराम का बोर्ड लगा हुआ था जिसे मंगलवार की रात कुछ अराजकतत्वों द्वारा तोड़ दिया गया जिसके बाद ब्राह्मण समाज के लोगो मे आक्रोश पनप गया।

# पहाड़ी से उतरते समय फेल हुंई ब्रैक मकान में टकराई गाड़ी




**बरसाना,** जहां हजारों श्रृद्धालु पैदल श्रीराधारानी मन्दिर दर्शन करने जाते हैं उस मार्ग पर चार पहिया वहान की ब्रेक फैल होने से हो सकती थी बड़ी घटना। जयपुर मन्दिर मार्ग से जहां हजारों श्रृद्धालु प्रतिदिन पैदल दर्शन करने श्रीराधारानी मन्दिर जाते हैं। उसी मार्ग पर जयपुर मन्दिर मार्ग पर चार पहिया गाडियों को आना जाना बड़ी संख्या में बना रहता है। जिससे जयपुर मन्दिर मार्ग क्षतिग्रस्त व कमजोर हो गया है। वहीं डटक। के टीन शेड जो पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की बेहतर सुविधा के लिए लगायी है। उन टीन शैडो पर इन चार पहिया वाहनों की वजह से पैदल चलने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधा को ग्रहण लग रखा है। वहीं जयपुर मन्दिर मार्ग पर पहाड़ी से उतरते समय एक चार पहिया वाहन की ब्रेक अचानक फैल हो गयी और डटक। टीन शैड प्रारम्भ होने के पास तेजगति से आकर एक मकान से टकरा गयी। पैदल दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं ने ऐसे तैसे अपने आपको बचाया। बचते समय कुछ श्रद्धालुओं के हल्की फुल्की चोट भी आ गई हैं। बरसाना वासियों ने चार पहिया वाहनों को जयपुर मंदिर मार्ग से रोकने के लिए नगर पंचायत बरसाना से लेकर जिलाधिकारी व मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व जनसुनवाई के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को भी शिकायत की है। आये दिन श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों के साथ पहाड़ी से उतरते समय कोई न कोई घटना चार पहिया वाहनों से होती रहती है। सरकार चार पहिया वाहनों को रोका नहीं रही है।

# सपा ने रामजीलाल सुमन को सुरक्षा देने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** बुधवार को समाजवादी अधिवक्ता सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव किशनपुरिया एडवोकेट की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मिलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में तैनात डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के लिए सुरक्षा की मांग की। किशनपुरिया ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर अपने विचार रखते हुए में शुक्रवार को जो बात कही उसपर क्षत्रिय समाज कि भावनाएं आहत होते देख कहा है कि मेरा मकसद किसी की धार्मिक



भावना को ठेस पहुंचना नहीं था। सपा नेताओं ने कहा कि सांसद के स्पष्टीकरण के बावजूद भी देश और प्रदेश एवं मथुरा जनपद में लगातार बीजेपी के लोग धमकियां दे रहे हैं और पुतले फूंक रहे हैं। ऐसी स्थिति में सांसद को जान माल का खतरा है जिसको देखते हुए हम समाजवादी पार्टी ने आज ज्ञापन देकर उनको सुरक्षा उपलब्ध कराने

**मांग**

**माल का खतरा है जिसको देखते हुए हम समाजवादी पार्टी ने देकर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई**

की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय सचिव समाजवादी छात्र सभा बादल राज बंसल, सपा समाजवादी एडवोकेट सभा के सचिव दीनदयाल पचौरी, पूर्व विधायक अनिल अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, देवकीनंदन कश्यप, महिला सभा की अध्यक्ष सीमा करण, डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, सोनू यादव, छोटू ठाकुर मौजूद रहे।

# किसानों ने दिया लोक निर्माण विभाग कार्यालय पर धरना

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन भानु कार्यकताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान, प्रदेश अध्यक्ष पहलवान प्रकोष्ठ भूरा पहलवान के नेतृत्व में कृष्णापुरी चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय का यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन को जोड़ने वाले फोर लेन मार्ग पर डिवाइडर और नाली निर्माण की मांग को लेकर कार्यालय पर धरना दिया। जिसके बाद किसान संगठन के नेताओं ने डिवाइडर बनाए जाने की मांग अधिकारियों के सामने रखी। जहां अधिशासी अभियन्ता गुलवीर सिंह को फोर लेन मार्ग पर डिवाइडर के निर्माण को लेकर अवगत कराया। जिस पर अधिशासी अभियन्ता गुलवीर सिंह



ने एक हफ्ते में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। तब जाकर किसान शांत हुए। वहीं कार्यालय का घेराव करने में जगदीश रावत राष्ट्रीय सचिव, गिर्राज सिंह, भूरा पहलवान प्रदेश अध्यक्ष प्रकोष्ठ, लक्ष्मीनारायण जिला महासचिव, विक्रम सिंह चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी कार्यकर्ता, कुशलपाल चौधरी, अमरसिंह, भूरा चौधरी, मानसिंह चौधरी, रामबीर सिंह, जितेन्द्र चौधरी, राजकुमार राणा, महेंद्र सिंह, राकेश चौधरी, विष्णु चौधरी, आदि आक्रोशित कार्यकर्ता शामिल रहे।

# श्रीलंका के अधिकारी निहारते रह गए जय कुंड की अनुपम छटा को

**मथुरा।** श्रीलंकाई सिविल सर्विसेज के चालीस सदस्य दल ने चौमुहां में बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड परिसर में स्थित कालिया मर्दन नाग मंदिर में पूजा अर्चना कर जय कुंड की अनुपम छटा को निहारते ही रह गए। लोक मंच पर बृज के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनका स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत श्रीलंकाई अधिकारी मंच पर कलाकारों के साथ फूलों की होली खेलने लग गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे, उप जिलाधिकारी ऋतु सिरोही, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मुकेश कुमार पाल, सहायक विकास अधिकारी ग्रामीण पर्यटन चंद्र प्रकाश बृजवासी, मनोज माथुर, आसिफ अली, राहुल पाराशर आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

# रामनवमी शोभायात्रा 6 अप्रैल को, तैयारियों में जुटी महोत्सव समिति

**मथुरा।** श्री राम जन्मभूमि महोत्सव मेला समिति द्वारा छह अप्रैल को निकाली जाने वाली रामनवमी शोभा यात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता मसानी लिंक रोड स्थित एक गार्डन में आयोजित हुई। जिसमें शोभायात्रा कार्ड विमोचन समिति के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। मेला संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि छह अप्रैल चार बजे स्थानीय घीया मंडी प्राचीन राम मंदिर से विराट शोभायात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया यात्रा का प्रारंभ संत महात्मा एवं राम भक्त द्वारा भगवान श्री राम की आरती के साथ होगा।

**शोभायात्रा**

**ल्छह अप्रैल चार बजे स्थानीय घीया मंडी प्राचीन राम मंदिर से विराट शोभायात्रा प्रारंभ होगी**

समिति की अध्यक्ष राजेंद्र बंसल ने बताया शोभा यात्रा में घोड़े और बैंड बाजे के साथ श्रद्धालु शोभायात्रा में साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि 20 फीट का जय श्री राम का झंडा व भव्य स्वरुप में भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनायी गयी है। इसमें भगवान श्री राम भक्त हनुमान तथा अयोध्या में विराजे श्री राम की आकृति का डोला मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इसके साथ एक सौ से अधिक कार्यकर्ता भगवा कुर्ता, गमछा और पगड़ी में साथ चलेंगे। समिति प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया शोभायात्रा डोरी बाजार विश्राम घाट छत्ता बाजार होली गेट चौराहा भरतपुर गेट होती हुई राम मंदिर पर समापन होगी। एवं शोभायात्रा को भव्य व आकर्षक बनाने के उद्देश्य से महिला मोर्चा एवं युवा विंग टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर बैठक तथा जनसंपर्क किया गया है।

**फास्ट न्यूज**

## यात्रियों से भरी बस के ब्रेक हुए फेल, चालक ने बचा ली जान

**नैनीताल।** पिथौरागढ़ से हल्द्वानी आ रही केमू यानी कुमाऊं मोटर ऑनर्स लिमिटेड की एक यात्री बस के बुधवार को ब्रेक फेल हो गये। इस दौरान बस में चालक और परिचालक सहित करीब 30 यात्री सवार थे। बस चालक ने बस को नियंत्रित करने के लिए जियो नेटवर्क के पोल से टकराकर रोकने की कोशिश की, जिसके बाद बस सड़क पर ही पलट गई। इससे बस में सवार कुछ सवारियों को मामूली चोटें आईं और सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार केमू की बस संख्या यूके04पीए-2641 बुधवार को पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर आ रही थी। इस दौरान वीरभट्टी पुल के पास बस के ब्रेक फेल हो गये। इस पर चालक ने बस को जियो नेटवर्क के पोल से टकराकर रोकने की कोशिश की, जिसके बाद बस सड़क पर ही पलट गई। घायलों को केएमवीएन की दूसरी बस से हल्द्वानी भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही ज्योलीकोट चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था बहाल करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यदि बस चालक बस को पोल से न टकराता तो दुर्घटना जानलेवा हो सकती थी।

## यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में बिन नदी पर जल्द बनेगा पुल: रेनू

**पौड़ी गढ़वाल।** सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में विधानसभा यमकेश्वर क्षेत्र के पौखाल में सेवा, सुशासन और विकास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टॉल के माध्यम से लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में यमकेश्वर विधानसभा विधायक रेनू बिष्ट ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

# महाकुंभ में संतों ने समाज को जोड़ा: योगी

## विरासत और विकास को जोड़ने की एक सेतु के रूप में संतों को आगे बढ़ना चाहिए: सीएम योगी

**आभार जताया**

▸▸ योगी, महाकुंभ के आयोजन से पूरी दुनिया में बजा सनातन का डंका: सीएम योगी आदित्यनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगरा में दिवंगत संत योगी सिद्धनाथ जी के शंखाढाल एवं भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने राजा की मंडी स्थित प्राचीन दरिया नाथ मंदिर में पूजा- अर्चना भी की। सीएम योगी ने यहां संतों की धर्म सभा को संबोधित भी किया। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के बाद संतों का सबसे बड़ा जमावड़ा आज ब्रज की भूमि पर हो रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता सभी ने देखी। यह संतों का आशीर्वाद था, उनका संकल्प था। पूरी देश और दुनिया ने देखा कि 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे थे। यह सनातन धर्म की ताकत है। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म/ नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए। सीएम योगी आदित्यनाथ नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पूरे देश से आए 1000 से अधिक साधु- संत मौजूद रहे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम मंदिर का बनना संभव हुआ है, तो देश के अन्य जगहों पर भी संभावना बनी हैं। अयोध्या में राम मंदिर का बनना और महाकुंभ का आयोजन, दोनों संतों के संकल्प से पूरा हुआ। पहले माना जाता था कि महाकुंभ का आयोजन केवल संतों का है। लेकिन, संतों ने पूरे भाव के साथ समाज को जोड़ने का काम किया तो देखते ही देखते 66 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का आंकड़ा पार कर गया। इनमें साधु- संत करीब 50 लाख थे। सीएम योगी ने कहा कि सनातन का दौर अब दुनिया के अंदर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि संतों की साधना की सिद्धि है। उनके संकल्पों का मूर्तरूप है। महाकुंभ के अवसर पर पूरे देश और दुनिया ने देखा है। 45 दिनों में 66 करोड़ों से अधिक संत और श्रद्धालुजन प्रयागराज आए। इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ।

### सनातन सुरक्षित रहेगा, तो ही देश सुरक्षित रहेगा- योगी आदित्यनाथ

**सीएम ने** कहा कि सनातन सुरक्षित रहेगा, तो ही देश सुरक्षित रहेगा। उन्होंने साधु संतों से अपील की है कि आप किसी भी पंथ और संप्रदाय से जुड़े हुए हों, लेकिन राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने साधु- संतों से मोबाइल का उपयोग कम करने की भी सीख दी। कहा कि मोबाइल पर जो आपको दिखता है या सुनते हैं, वह जरूरी नहीं सच हो। ऐसे में साधु संतों को साधना में लीन होकर के समाज को एक करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो आप अपने साधन से अर्जित करेंगे। जो लोक कल्याण का माध्यम आपको बना सके। जिसमें जनता जनार्दन का अपार श्रद्धा और सम्मान आपको प्राप्त हो। जो कुछ भी आपके पास है लोक कल्याण के लिए समर्पित करिए। राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित करिए और याद रखना हम सभी संतों को इस बात का स्मरण रखना होगा हमारा पंथ कोई भी हो, संप्रदाय हो भी कोई भी हो, मठ हो कोई भी उपासना विधि हो वह तब ही सुरक्षित है जब सनातन धर्म सुरक्षित है। जो कुछ भी हो सनातन धर्म के लिए समर्पण का भाव हो। देश की सुरक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म/ नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए। अपने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले योगी सिद्धनाथ जी उस परंपरा के योगी थे।

# भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत निवारण तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे विज्ञापन समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, उन पर कड़ी निगरानी आवश्यक है। सरकार ने तंत्र स्थापित करने के लिए राज्यों को दो महीने का वक्त दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे 1954 के ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट के तहत निषिद्ध आपत्तिजनक विज्ञापनों के खिलाफ आम जनता की शिकायतों के लिए एक उपयुक्त तंत्र तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती से रोक लगाने का रास्ता साफ हुआ है।

**दो महीने में शिकायत निवारण तंत्र बनाने का आदेश**

पीठ ने आदेश में कहा, "हम राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे दो महीने के भीतर उचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें और इसकी उपलब्धता के बारे में नियमित रूप से प्रचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को पुलिस तंत्र को इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए संवेदनशील बनाने का भी निर्देश दिया।



**कड़ी निगरानी**

▸▸ दो महीने के भीतर शिकायत निवारण तंत्र बनाने के निर्देश, ऐसे विज्ञापन समाज को नुकसान पहुंचा सकते हैं,

## एसआईटी करे सुशांत सिंह राजपूत मामले की जांच: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या मामले में सीबीआई की तरफ से क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने के कुछ दिनों बाद भाजपा नेता राम कदम ने महाराष्ट्र विधानसभा में कहा कि इसकी जांच एसआईटी को करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने घटना के समय तत्कालीन उद्धव ठाकरे पर इस मामले में सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया है।

# कर्नाटक हनी-ट्रैप मामला: सीबीआई जांच की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक राज्य में एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित हनी-ट्रैप प्रयास की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता बिनय कुमार सिंह ने दायर की थी, जिसमें जांच की निगरानी शीर्ष अदालत या फिर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाली एक समिति से करने की मांग की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील बरुण कुमार सिन्हा ने अदालत में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, उनके पीछे के लोगों के खिलाफ गहन जांच की आवश्यकता है। याचिका में यह भी कहा गया कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा न्यायाधीशों को हनी ट्रैप में फंसाना न्यायपालिका की स्वतंत्रता और कानून के शासन के लिए गंभीर खतरा है।



**सोनिया गांधी केंद्र सरकार से**

**सुनवाई से इंकार**

▸▸ रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, उनके पीछे के लोगों के खिलाफ गहन जांच की आवश्यकता है

**पूछे तीखे सवाल**

बता दें कि दायर याचिका में बताया गया कि इस मामले की शुरूआत 21 मार्च 2025 को मीडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए आरोपों से हुई, जिसमें कर्नाटक विधानसभा में यह दावा किया गया था कि राज्य का मुख्यमंत्री बनने की चाहत रखने वाले एक व्यक्ति ने न्यायाधीश समेत कई लोगों को हनी-ट्रैप में फंसाने में सफल हुआ। याचिका में यह भी कहा गया कि एक मौजूदा मंत्री ने स्वयं को इस मामले का शिकार बताया, जिससे इन गंभीर आरोपों को विश्वसनीयता मिली।

**बीते दिनों सहकारिता मंत्री ने किया था दावा**

कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने 20 मार्च को विधानसभा में कहा था कि उन्हें "हनी-ट्रैप" करने का प्रयास किया गया और यह कि कर्नाटक के 48 राजनेताओं को इसी तरह की योजनाओं का शिकार बनाया गया है।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों ने चलाया संयुक्त ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** भारतीय सेना और असम राइफल्स की फॉर्मेशन ने स्पीयर कोर के तहत पिछले तीन दिनों में मणिपुर के ककचिंग, इम्फाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व, सेनापति और बिष्णुपुर जिलों में खुफिया सूचना पर संयुक्त ऑपरेशन चलाए। ये ऑपरेशन मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के समन्वय से चलाए गए थे। समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप 32 हथियारों, गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे भंडार की बरामदगी हुई।




